


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 349 | ग्वालियर, 15 अक्टुबर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव 2023



# शिवराज सिंह चौहान का नया फीनिक्स अवतार

**भोपाल।** बीजेपी के लिये भोपाल की सबसे कठिन सीट पर पार्टी के प्रत्याशी आलोक शर्मा की पहली चुनावी सभा थी. मंच पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान थे, जो थोडी देर पहले ही हरिद्वार ऋषिकेश से दो दिन तक संतों की संगत कर लौटे थे. इन दो दिनों में एक कांग्रेस समर्थित ट्विटर हैंडल से श्राद्ध के दौरान टिकट बांटने को लेकर शिवराज का फोटो लगाकर लिखा था कि श्राद्ध में टिकट बांटने वाले का ही श्राद्ध होता है.दो दिन की चुप्पी के बाद शिवराज के पास मंच था और उनकी जनता भी. बस फिर क्या था शिवराज का इस चुनाव का चर्चित बयान सामने था, मेरे भाइयों और बहनों.. मामा के मरने की भी दुआएं की जा रही हैं. ऐसा क्या है मामा में. कांग्रेस के लोग दिन रात सबेरे शाम एक ही नाम शिवराज चौहान. शिवराज मामा तेरा सत्यानाश हो जाये. मगर मैं शिवराज हूं अपनी जनता का सेवक यदि मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर की तरह फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा अपनी जनता की सेवा के लिये.बस फिर क्या था इस इमोशनल डायलॉग के बाद सामने जनता की ओर से देर तक तालियां बजती रहीं. ये शिवराज हैं जिनको समझने के लिये गहरी दृष्टि और लंबा अनुभव चाहिये. जब वो जनता के सामने होते हैं तो ऐसा लगता है कि उनसे बेहतर संवाद करने वाला नेता प्रदेश में कोई है ही नहीं. मध्य प्रदेश में सबसे लंबे वक्त तक सबसे बड़े पद पर रहने के बाद भी उनका कार्यकाल और उनकी काम करने की चाहत कम होते नहीं दिख रही.वैसे जिस फीनिक्स पक्षी से उन्होंने अपनी तुलना की है वो कई भाषाओं की दंतकथाओं में पाया जाता है. इसे अमर पक्षी या माया पक्षी भी कहा जाता है. इसकी उम्र भी पांच सौ से हजार साल की अनुमानित होती है. जीवन के अंतिम दिनों में इसके घोंसले में आग लग जाती है और कहा जाता है कि फिर नये फीनिक्स पक्षी का जन्म होता है.ये चीनी रोमन यूनानी कथाओं का पात्र है मगर शिवराज सिंह भी राख से जन्म लेने वाले नेता से कम नहीं है. उनके नेतृत्व में 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से ज्यादा वोट मगर पांच सीटें कम लाने पर बीजेपी आलाकमान ने इस्तीफा दिलवाकर श्यामला हिल्स के मुख्यमंत्री निवास से हटाकर लिंक रोड एक के बंगले में बैठा दिया गया था. मगर पंद्रह महीने बाद ही बीस से ज्यादा विधायकों से पाला बदलवा कर फिर शिवराज को मुख्यमंत्री निवास में बैठने का मौका उसी बीजेपी ने दिया जो पहले कार्यवाहक सरकार होने के बाद भी पांच विधायकों को लाने की मंजूरी शिवराज को नहीं दे रही थी. इसे आप क्या कहेंगे फीनिक्स जैसा उदाहरण ये नहीं है क्या.मध्यप्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेता होने के बाद भी शिवराज की परीक्षाएं कम नहीं हुयीं. तकरीबन तीन साल तक सरकार चलाने के बाद जब 2023 के विधान सभा चुनाव आये तो बीजेपी आलाकमान ने नयी तान छेड़ दी. सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जायेगा. कौन बनेगा मुख्यमंत्री..यह चुनाव के बाद तय होगा यानी शिवराज को फिर साइड लाइन करने की पूरी तैयारी.मगर फीनिक्स पक्षी ने फिर ज़ोर मारा और जब जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने जनता से पूछा बताओ कैसी सरकार चला रहा हूं मैं. जनता ने क्या बोला होगा कहने की ज़रूरत नहीं. क्या मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए या नहीं.

## नासा को मिल गई दूसरी पृथ्वी यहां जीवन के भी मिले संकेत

इंसानों का हमेशा से मानना रहा है कि इस ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी ही अकेला ग्रह नहीं है जहां जीवन है. वैज्ञानिकों का मानना है कि इस अंतरिक्ष में ऐसे कई ग्रह हैं जहां जीवन मौजूद है.



वैज्ञानिक दशकों से ऐसे ग्रहों की तलाश में जुटे हैं जो पृथ्वी जैसी हो और जहां जीवन संभव हो. अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने ऐसे कई ग्रहों को चिन्हित किया है. हालांकि, अब तक किसी भी ग्रह के बारे में ठोस रूप से ये नहीं कहा गया है कि यहां जीवन संभव है. लेकिन अब नासा को एक ऐसे ग्रह के बारे में पता चला है, जहां जीवन की संभावनाएं काफी ज्यादा हैं.
**कौन सा है वो ग्रह**-हम जिस ग्रह की बात कर रहे हैं वो पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर है और इस एक्सोप्लैनेट को च2-18इ का नाम दिया गया है. आपको बता दें, इस ग्रह की खोज जेम्स वेब टेलीस्कोप ने की है. वैज्ञानिकों का कहना है कि ये ग्रह पृथ्वी से 8.6 गुना ज्यादा बड़ा है. नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि ये एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट है. ये ग्रह केटू-18 की परिक्रमा करता है जो पृथ्वी से 120 प्रकाश वर्ष दूर है

## कांग्रेस कैसे लागू करेगी उदयपुर डिक्लेरेशन- एक परिवार से 3-3 दावेदार, टिकट न दे तो हार का खतरा



क्या कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 5 राज्यों के चुनाव में कांग्रेस उदयपुर डिक्लेरेशन को पूरी तरह लागू कर पाएगी? यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि कांग्रेस के भीतर कई ऐसे परिवार हैं, जहां से 3-3 लोग टिकट की दावेदारी कर रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक जिताऊ उम्मीदवार का हवाला देकर यह सभी टिकट की दावेदारी कर रहे हैं. इन नेताओं का तर्क है कि अगर सीट जीतना है, तो हमें टिकट देना ही पड़ेगा. मध्य प्रदेश की तो कई सीटें ऐसी है, जहां से पिछले 10 सालों से एक ही परिवार के 2 से ज्यादा लोग लगातार चुनाव लड़ रहे हैं. ऐसे में यहां नया उम्मीदवार खोजना भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है.2022 में कांग्रेस ने उदयपुर डिक्लेरेशन में ऐलान किया था कि एक चुनाव में एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट दिया जाएगा. कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में मल्लिकार्जुन ने घोषणा पत्र में उदयपुर डिक्लेरेशन को सख्ती से लागू करने की बात कही थी. खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला बड़ा मौका है, जब कांग्रेस के उदयपुर डिक्लेरेशन का लिटमस टेस्ट होना है, क्योंकि पहली बार एक साथ 5 राज्यों के चुनाव हो रहे हैं,

## लाडली बहनों का पैसा खाते में नहीं डालने देगी कांग्रेस, यह पार्टी... विपक्ष के आरोप पर सीएम शिवराज का पलटवार

भारतीय जनता पार्टी सरकार की महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना पर आचार संहिता लगते ही राजनीति शुरु हो गई है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस लाडली बहनों को पैसा नहीं डालने देगी. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है.



इस वीडियो में सीएम शिवराज सिंह चौहान कहते सुनाई दे रहे हैं कि मुझे पहले ही आशंका थी कि कांग्रेस लाडली बहनों के पैसे बंद करेगी. इन्होंने तो अब लाडली बहना योजना बंद करने की भी तैयारी कर ली है. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेसी ट्वीट किए जा रहे हैं मामा चुपके से पैसा डालेगा. उन्होंने कहा कि हां मैं पैसा डालूंगा.मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ऑनगोइंग स्कीम है, कोई चलती हुई योजना बंद नहीं की जा सकती. लाडली बहना योजना 1 करोड़ 32 लाख बहनों का भाग्य है. खुशहाली है, जिंदगी है. पैसे डलेंगे आपको तकलीफ क्यों हो रही है. यह बात सही है कि चुनाव में कोई कार्यक्रम करके नहीं डाले जा सकते, लेकिन लाडली बहनों के खाते में पैसे डलेंगे तो तुम्हें तकलीफ हो रही है.
**लाडली बहनों के पैसे डलेंगे**-कांग्रेस पर जबानी हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि तुमने कभी भी बहनों के

## गया में बोले नेता प्रतिपक्ष, इन मुद्दों पर नीतीश सरकार का रवैया तानाशाह वाला

**गया।** धर्मनगरी गया में विरोधी दल के नेता विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार (14 अक्टूबर) को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा है. उन्होंने दुर्गा पूजा में शिक्षकों की छुट्टी रद्द होने के सवाल पर कहा कि यह तानाशाही रवैया है. सनातन और हिंदू के पर्व पर इस तरह का निर्णय लेना उचित नहीं है. शिक्षा में सुधार चाहते हैं लेकिन बदलाव और सुधार किसी की आस्था पर चोट करके नहीं करनी चाहिए. प्रशिक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें.वहीं नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ÷कभी कृष्ण जन्माष्टमी पर छुट्टी रद्द तो दुर्गा पूजा पर रद्द की जाती है यह सुधार की प्रवृत्ति नहीं है. यह मंशा को दिखाता है. सुधार के नाम पर समस्या और झमेला खड़ा करते हैं. शिक्षकों को सिर्फ अपमानित करने का माहौल बना रहे हैं.÷

**फिलिस्तीन को समर्थन करने वालों पर क्या बोले नेता प्रतिपक्ष**-बिहार में है और देश के अंदर इतनी स्वतंत्रता जिन जयचंदों को मिला है.



फिलिस्तीन के समर्थन में सड़कों पर उतरने के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ÷जिन जयचंदों की जमात अपने राष्ट्रवाद पर चोट करता आतंकवादियों के पक्ष में भारत कभी खड़ा नहीं हुआ है. यह लोग देश के हितैषी नहीं हो सकते हैं. ऐसे लोग तुष्टिकरण की राजनीति से चंद वोटों को प्राप्त करने के लिए सत्ता पाना चाहते हैं और राष्ट्र को कमजोर कर रहे हैं. ऐसे राजनीति करने वालों को बहिष्कार करनी चाहिए.÷ विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वाराणसी और अयोध्या का स्वरूप कैसे बदला है. गया धाम जहां कई धर्मों का एक संगम स्थल बना है. इसका भी परिवर्तन करने की जरूरत है.**बिहार की दुर्दशा पर बोले विजय कुमार सिन्हा**-नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ÷बिहार में बलात्कार और हत्या की घटना बड़ी है. सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्या की जा रही है. बालू माफिया, दारू और जमीन माफिया अपनी समानांतर सरकार चला रहे हैं. सरकार में बैठे लोग इनके संरक्षक बने हैं जो भ्रष्ट मंत्री और विधायक के बारे में शिकायत किया है. लोग जंगल राज से गुंडा राज में तब्दील करने में लगे हैं.

### कैलाश, शिवराज से सिलावट तक..

## बीजेपी के इन 7 दिग्गजों को हराने के लिए कांग्रेस का प्लान

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची कभी भी जारी कर सकती है. सबसे ज्यादा चर्चा दिग्गज नेताओं के सीट को लेकर है. बीजेपी ने प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के करीब 20 कद्दावर नेताओं को मैदान में उतारा है. इनमें 3 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के बड़े नेताओं को हराने के लिए एक-एक सीट का समीकरण तैयार किया जा रहा है. कांग्रेस पहली सूची में ही बीजेपी के बड़े नेताओं के खिलाफ प्रत्याशियों का ऐलान कर देगी, जिससे दावेदारों को कैंपेन के लिए ज्यादा से ज्यादा वक्त मिल सके.सूत्रों के मुताबिक



कांग्रेस ने बीजेपी के बड़े नेताओं के सीटों को 2 कैटेगरी में बांटा है. पहले कैटेगरी में वे सीटें शामिल हैं, जहां दिग्गज नेताओं को हराया जा सकता है. दूसरी कैटेगरी में उन सीटों को शामिल किया गया है, जहां दिग्गजों को हराना मुश्किल है.
**बीजेपी के ये दिग्गज चुनावी मैदान में**-मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने अब तक उम्मीदवारों की 4 सूची जारी की है, जिसमें 135 से ज्यादा नाम शामिल हैं. पार्टी ने बुधनी से शिवराज सिंह चौहान, दतिया से नरोत्तम मिश्रा, दिमनी से नरेंद्र तोमर, इंदौर-1 से कैलाश विजयवर्गीय, नरसिंहपुर से प्रहलाद पटेल, सांवेर से तुलसी सिलावट और गाडरवारा से उदय प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया है.
बीजेपी के कुछ और बड़े नेताओं के चुनावी मैदान में उतरने की बात कही जा रही है. इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और सांसद गुमान सिंह डामोर का नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं. सिंधिया को गुना के किसी सीट से टिकट दिए जाने की बात कही जा रही है.
कांग्रेस का प्लान क्या है, एक-एक सीट का हिसाब समझिए...
1. कैलाश विजयवर्गीय- मालवा के कद्दावर नेता और मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 नंबर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं. इंदौर-1 नंबर सीट अभी कांग्रेस के कब्जे में है और यहां से संजय शुक्ला विधायक हैं.
कांग्रेस इस बार भी शुक्ला को ही टिकट देने की तैयारी में है. कांग्रेस की रणनीति यहां पूरी तरह शुक्ला बनाम कैलाश का चुनाव कराने की है. शुक्ला पूरे चुनाव में स्थानीय मुद्दे को उठा रहे हैं. कैलाश विजयवर्गीय पर इमोशनल अटैक भी कर रहे हैं. शुक्ला डोर-टू-डोर कैंपेन पर फोकस करने के लिए कहा गया है. पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर शुक्ला बनाम कैलाश का चुनाव अंत तक हुआ,

# थाना शाहपुर पुलिस ने डकैती करने वाले फरार शातिर 10 हजार रूपये का ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

**मऊगंज**।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मऊगंज श्री वीरेन्द्र जैन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय मऊगंज विवेक कुमार लाल के निर्देशन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय मऊगंज श्री इन्द्राज सिह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुर उनि. जगदीश सिह ठाकुर एवं हमराह स्टाफ साथ के साथ बकरी व्यापारी से लूट करने वाले शातिर आरोपियो से लूट का माल जप्त कर किया गिरफ्तार । *मामले का संक्षिप्त विवरण* दिनांक 24.09.23 को फरियादी अंसार मोह0 पिता मोह0 ताहिर उम्र 28 साल निवासी जमुई थाना शाहपुर जिला मऊगंज का चौकी खटखरी उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र आरोपीगण लकी चौरसिया ,गोबिन्द केवट,हिमान्शु पटेल,प्रदीप पटेल , राजू पटेल ,कश्यप पटेल एवं दो अन्य लडके निवासी दादर के द्वारा दिनांक 23.09.23 को रात्री 01.30 बजे चौहाना बिछरहटा रोड मे उक्त आरोपीगण दो मोटर सायकल से आये और फरि0 असांर मोह0 को लाठी डण्डा लौहे का राड ,पाईप से मारपीट कर फरियादी के पास रखे बैग जिसमे कुल 209000 रूपये नगदी एवं मोवाईल




,आधार कार्ड,कपडे आदि लूट कर ले गये । आवेदन पत्र के मजमून पर से आरोपीगणो एवं दो अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध थाना शाहपुर में अपराध धारा 395 ता.हि. का प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी शाहपुर उपनिरी. जगदीश सिह ठाकुर हमराह स्टाफ के द्वारा लगातार पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश हेतु अलग-अलग स्थानो पर दबिश दी गयी । जो कड़ी मसशक्त के बाद घटना दिनांक से फरार आरोपी गोबिन्द केवट पिता इन्द्रलाल केवट उम्र 19 साल निवासी बिछरहटा थाना शाहपुर जिला मऊगंज को दिनांक 13.10.23 को गिरफ्तार कर लूटे गये मशरूका एवं घटना मे प्रयुक्त लोहे का चाकू, फरियादी का काले रंग का बैग ( जिसके अन्दर फरियादी का कपडा,टीशर्ट,लोवर आदि सामान ) 01 अदद कट्टा आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

गिरप्तार आरोपी- 1- गोबिन्द केवट पिता इन्द्रलाल केवट उम्र 19 साल निवासी बिछरहटा थाना शाहपुर
जिला मऊगंज (म.प्र.)

**जप्त मशरूका**


1-एक नग फरियादी का काले रंग की बैग
2- एक अदद लोहे का चाकू
3-एक अदद देशी कट्टा
4- लूट के पैसे से लिये (आटो पार्ट्स का समान)

बरामद मशरुका कुल कीमती 45000/ रूपये

**महत्वपूर्ण भूमिका -** थाना प्रभारी उनि जगदीश सिंह ,उपनिरी यूबी सिंह, आर.1103 निवास सिंह,आर.1049 सन्तोष
कुमार रावत ,आर.1048 कुन्जल रावत,आर.1223 विनीत कुमार ,एसएफ आर.786 राजेन्द्र भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही ।

# अष्टभुजा देवी मंदिर में अस्थाई दुकानदारों ने नगर परिषद पर अवैधानिक वसूली का लगाया आरोप

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**



**मऊगंज।** अष्टभुजा मंदिर परिसर नईगढी में अस्थाई दुकानदारों के द्वारा यह शिकायत की गई है कि नगर परिषद नईगढी के द्वारा अव्वैधानिक रुपए से वसूली का अलाउंस किया गया है। अस्थाई दुकानदारों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व में मऊगंज कलेक्टर के द्वारा बैठक लिया गया था जिसमें सर्वसम्मत से तय किया गया था कि इस वर्ष पूरे नवरात्र मेले में ?500 प्रति दुकानदार से वसूली की जाएगी। जबकि नगर परिषद द्वारा अलाउंस में प्रतिदिन पांच सो रुपए वसूली का अलाउंस किया है जिसके कारण दुकानदारों में व्यापक आक्रोश है दुकानदारों का कहना है कि पूर्व में नवरात्र मेले में 10 दिन के लिए ?300 वसूला जाता था इस वर्ष कलेक्टर महोदय के द्वारा मौखिक निर्देश दिया गया था कि ?500 वसूला जाएगा। लेकिन नगर परिषद के द्वारा ?500 प्रतिदिन वसूली करने के अलाउंस से व्यापारियों में काफी आक्रोश है। तथा व्यापारियों ने माननीय कलेक्टर महोदय से दखल देते हुए उचित कार्यवाही का अनुरोध किया है।

# अतिक्रमण में अतिक्रमण प्रभारी द्वारा अपनाया जा रहा दोहरा रवैया




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**मैहर**।मां शारदा देवी मंदिर प्रांगण मेला परिसर में चलाए जा रहे अतिक्रमण में अतिक्रमण प्रभारी अजय सानाढ्य द्वारा दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है सत्संग भवन के सामने पानी की टंकी के पास जो गरीब छोटी-छोटी दुकान बना कर अपना और अपने बच्चों का पेट पाल रहे थे उनकी दुकानें हटवा दी गई और टंकी के सामने ही रखी दुकानों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई अतिक्रमण प्रभारी द्वारा गरीबों के बक्से एवं काउंटर को पलटा दिया गया जिसमें गरीबों का नुकसान हो गया है प्रशासक महोदय से आग्रह है कि सभी के साथ समान व्यवहार करवाए।

# 10 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म, घर से स्कूल के लिए निकली थी छात्रा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा।जिले के जनेह थाना के गढ़ी चौकी अंतर्गत एक 10 वर्षीय मासूम के साथ अज्ञात बाइक सवारों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। यह मासूम 5वीं कक्षा की छात्रा थी। जो स्कूल पेपर देने निकली हुई थी। स्कूल से घर लौटते वक्त रास्ते में एक बाइक सवार युवक उसे घर छोड़ने की बात कहकर अपनी बाइक में बैठा लिया, फिर चन्द्रपुर के पास ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। यह घटना शुक्रवार की दोपहर की बताई जा रही है। पीड़ित के परिजनों को जैसे ही पूरी मामले की जानकारी हुई तो वह मासूम को लेकर थाने पहुंचे और अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

**धरने पर बैठे परिजन**-पीड़ित मासूम के परिजन आरोपियों को पकड़ने थाना परिसर में धरने पर बैठे गए हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कढ़ी कार्रवाई करें। जब तक पुलिस आरोपियों को पकड़कर सलाखों के पीछे नहीं डालती है तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। घटना के संबंध में जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी हुई। वह मौके पर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया है कि आरोपी जो कोई भी होगा, उसे कढ़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी, उनकी जल्द गिफ्तारी होगी।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**-मासूम के साथ ज्यादती करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस सरगर्मी से लगी हुई है। पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण करके स्थानीय लोगों से अज्ञात बाइक सवारों के संबंध में पतासाजी कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी समीप क्षेत्र के हो सकते हैं। खबरों की माने तो बाइक सवार दो की संख्या में थे। खबरों की माने तो पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

# ऑपरेशन "सतर्क" के तहत रात में गोदान एक्सप्रेस में 46 लाख रुपए कैश के साथ एक व्यक्ति धराया

## सतना आरपीएफ की बड़ी कार्यवाही 46 लाख रुपए नगद पकड़े , बड़ा सवाल आरोपी अभिषेक प्रजापति केवल कहीं केवल मोहरा तो नहीं जांच उपरांत होगा खुलाशा




**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल जबलपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जबलपुर अरुण त्रिपाठी के निर्देशन में पूरे जोन में ट्रेनों में सघन तलासी अभियान जारी है! उसी क्रम में दिनांक 13.10.2023 को गाड़ी सं. 11056 गोदान एक्सप्रेस की चैकिंग दौरान सउनि एमपी मिश्रा, सउनि लोकेश पटेल,आरक्षक केशबली व आरक्षक चेतराम प्रजापति को गाड़ी के कोच बी-02 बर्थ नं. 46 में एक व्यक्ति को सदिग्ध रूप से एक पिट्ठू बैग के साथ मिला! उसके पास के बैग को चैक करने हेतु कहे जाने पर उसने बैग चैक कराने से मना किया और वाद विवाद किया बाद उस व्यक्ति को बैग के साथ आरपीएफ थाना सतना लेकर आये,जहां उसके बैग गवाहों के समक्ष चैक किया गया तो उसमें *कुल 46,00,000/- (छियालिस लाख रूपये) नगद पाये गये।पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक प्रजापति पिता रोहित प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी उज्जैन आगर रोड घोसला थाना राघवी जिला उज्जैन म.प्र. बताया। कैश रुपए के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं किया। उक्त के संबंध में इन्कम टैक्स विभाग सतना से पत्राचार कि गया है उक्त व्यक्ति के ताबे से उक्त कैश को जप्त किया गया एवं उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 1877/23 धारा 145 रेल अधिनियम दर्ज किया गया। मामले की जांच जारी है।

# बैंक अधिकारी एक लाख रूपयें से अधिक के लेन देन की जानकारी दें

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।**. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उम्मीदवारों के चुनाव खर्च कि निगरानी की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सोनवणे ने कहां कि सभी बैंक अधिकारी राजनैतिक दलों के प्रमुख सदस्यों तथा विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों अथवा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों द्वारा एक लाख रूपयें से अधिक का लेन देन करने की जानकारी दें। बैक अधिकारियों को यदि किसी खाते से लगातार अधिक मात्रा में रूपयों का संदेहास्पद लेन देन किया जा रहा है। तो उसकी भी जानकारी दे। बैंक के अधिकारी तथा शाखा प्रबंधक एक शाखा से दूसरी



बैंक शाखा में नकद राशि ले जाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। निर्धारित प्रपंत्र में यदि पूरी जानकारी दर्ज नही होगी तो जॉच नाके पर परेसानी हो सकती है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 50 हजार रूपयें से अधिक की नकद राशि होने पर राशि के संबंध में वैध दस्तावेज होना आवश्यक है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने कहां कि सभी उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलो के सदस्यों को चुनाव खर्च का विवरण संधारित करने एवं नियमित रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दियें गयें है। जिला स्तरीय व्यय निगरानी दल द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। बैंक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि एटीएम में राशि उपलंब्ध कराने तथा बैंको के लिए काम करने वाली एजेन्सियों की वैन निर्धारित बैंक के अलावा किसी अन्य एजेन्सी अथवा बैंक को नकद राशि प्रदान न करे। नकद राशि का परिवहन करने वाली कंम्पनियों के तैनात कर्मचारी अपने साथ वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ रखे। कैश बैंक के माध्यम से भी नगद राशि का अवैध रूप से परिवहन हो सकता है। सभी बैंकर्स ई एसएमएस पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीयन कराकर नगद राशि की मात्रा वाहन नंबर, ड्राइवर का विवरण तथा लेनदेन करने वाली बैंक शाखा का विवरण दर्ज करायें। इससे एक क्यूआर कोड जनरेट होगा इसे गाड़ी में लगाया जायेगा। उड़नदस्ता दल क्यूआर कोड स्कैन करके वैध धन राशि परिवहन की जानकारी प्राप्त कर लेगा। बैठक में निर्वाचन व्यय के नोडल अधिकारी संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा आरके प्रजापति ने एफएसटी दलों के कार्य तथा व्यय निगरानी की जानकारी दी।

# रजत जयंती गरबा महोत्सव 2023 की व्यवस्था में धर्म परिवार युवा शाखा करेगी पूरा सहयोग -आसवानी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। नवदुर्गा महा पर्व पर हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार द्वारा कृष्णा राजकपूर आयडोटोरियम के प्रांगण में 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित गरबा महोत्सव-2023 में श्रद्धालु नागरिको, दर्शको की सुचारू व्यवस्था करने में युवा शाखा के पदाधिकारी, सदस्य संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, संयोजक रामकृष्ण अग्रवाल अध्यक्ष सुमित मांजवानी, महासचिव अंशुमान गुप्ता सहित सभी लोग पूरा सहयोग करेगे। यह जानकारी धर्म परिवार के युवा उपाध्यक्ष राकेश कुमार आसवानी ने दी है।श्री आसवानी ने बताया कि इस वर्ष रजत जयंती वर्ष है जिसके लिये आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी, सुनील अग्रवाल एड. अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में आयोजन को यादगार बनाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की जा रही है। साथ ही 25 अक्टूबर को मानस भवन से सायं निकाली जा रही थी धर्म विजय शोभायात्रा में अपनी सक्रिय भूमिका निभायेगे। यह जानकारी युवा उपाध्यक्ष राकेश आसवानी ने दी है।

# विप्र सेवा संघ ने परशुराम कल्याण बोर्ड के गठन पर किया आभार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। परशुराम कल्याण बोर्ड के गठन में सराहनीय प्रयास करने के लिये कैबनेट मंत्री और रीवा विधायक श्री राजेंद्र शुक्ला जी का राष्टीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला व पदाधिकारियो द्वारा आभार व्यक्त किया गया। राजीव शुक्ल ने बताया कि 16 जून को सरकार द्वारा एक आदेश पारित किया गया जिसमें (म प्र.) ब्राह्मण कल्याण बोर्ड को संशोधित कर ÷परशुराम कल्याण बोर्ड ÷कर दिया था लेकिन वह केवल आदेश तक सीमित रह गया विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लगने के पहले तक गठन नहीं किया इस बात को लेकर प्रदेश के विभिन्न संगठन द्वारा तत्कालीन सरकार का विरोध किया गया साथ ही कैबनेट मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी को अवगत कराया गया आदेश के बाद भी गठन नहीं हुआ जिसके कारण समाज में आक्रोश हैं श्री शुक्ल द्वारा अश्वस्त किया गया था कि गठन हो जायेगा आप लोग धर्य बनाये रखे फलस्वरूप 9 अक्टोबर को आचार संहिता के लगने के महज कुछ घंटे पहले ÷परशुराम कल्याण बोर्ड ÷का गठन हुआ जिसमें 1 अध्यक्ष और 4 सदस्य बनाये गये हैं विप्र सेवा संघ द्वारा श्री राजेंद्र शुक्ला व तत्कालीन सरकार का पुनः आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुष्पा शर्मा ,नीरज दुबे ,विनय त्रिपाठी ,प्रशांत शुक्ला ,वंदना मिश्रा ,दीपक मिश्रा ,जेपी मिश्रा ,राजकरण पाण्डेय , राहुल गौतम ,विपिन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, सरपंच ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

मैहर,रामनगर । जिगना सरपंच ने ह्यस्रद्व को जानकारी देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी लिमिटेड पवार जो जिला सीधी में स्थापित है, जिनके द्वारा खनन एवं सुरक्षा के नियमों का किसी भी प्रकार से पालन नहीं किया जा रहा है। कंपनी की जितनी भी माइंस संचालित है, वह पूर्णतः खुली हुई हैं, जिसमें आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्राम पंचायत अरगट कोठार में उक्त कंपनी की संचालित माईन्स पूर्णतः अवैध व गैर-कानूनी है। वस्तुत~ यह माईन्स ग्राम पंचायत जिगना की राजस्व भूमि में संचालित है, लेकिन उसे अरगट कोठार में दर्शाया गया है जो नियमित गलत है। इस संबंध में ग्राम पंचायत जिगना से किसी भी प्रकार की एन.ओ.सी., उक्त कंपनी को प्रदान नहीं की गई है। अरगट माईन्स क्षेत्र खुला होने तथा सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं होने के कारण विगत माह दुर्घटना होने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। आये दिन व ते चिता होती रहती है खदान सुनी होने के कारन गाये बकरी माइंस में चली जाती है जिससे गिरने के कारन उनकी मृत्यु हो जाती है जो गंभीर चिंता का विषय है। और कम्पनी को कई बार सुचना देने के कंपनी द्वारा कोई भी पार्क नहीं पड़ा जो गंभीर चिंता का विषय का कारन है झोपा से अरगट मार्ग का उपयोग कम्पनी के द्वारा कर दिया गया है जिससे स्कूल के बच्चों को रोड न होने के दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है।कम्पनी द्वारा जिगना हिनौता मार्ग जो ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण पूर्णतः सार्वजनिक निस्तार हेतु निर्मित की गई है, लेकिन उसी मार्ग में कंपनी द्वारा ओवर लोडेड भारी वाहन चलाये जा रहे है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, तथा पर्यावरण प्रदूषण का खतरा बह गया है। कंपनी के समस्त ओवर लोडेड भारी वाहन जो जिगना चौराहे से दिन रात तेज गति से गुजरते है, जिससे रहने वाली धूल और धूषित हवा चौराहे पर संचालित होटलों और दुकानों में रखे खाद्य पदार्थों में पड़ती है जिसने कई तरह की बीमारियां पनप रही है। नियमानुसार कंपनी भारी बहनों के आवागमन के लिए से मार्ग होना चाहिए।

## मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं गोहद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य जी का मौ नगर आगमन पर अल्प संख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष सोनू खान ने अपने निवास पर फूल माला एवं सॉल श्रीफल भेट कर किया सम्मान



पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

मौ नगर में पहुंचे गोहद विधानसभा भाजपा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य जी उन्होंने कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात की उनके साथ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, जिला मंत्री फरेंद्र सिकरवार, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, पिछला वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर, मौ नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज कुशवाह गोहद जनपद उपाध्यक्ष धर्मवीर जाटव ,पार्षद सुल्तान मौर्य युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष रामअख्त्यार गुर्जर, जिला संयोजक रामू कुशवाह, चितौरा मंडल उपाध्यक्ष रामनिवास कौशल ,युवा नेता अनिल वर्मा, पूर्व सरपंच मिस्त्री कुशवाह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव, पार्षद प्रमोद यादव ,वकील यादव, रघुराज गुर्जर ,बशीर खान, गनी खान, अरशद खान, समीर खान, विकास यादव ,आदि कार्यकर्त्ता बंधु उपस्तिथ रहें

## मातृभूमि सेवा मिशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी भाजपा में शामिल हुए



दैनिक पुष्पांजली टुडे

लहार । लहार विधानसभा के समाजसेवी एवं मातृभूमि सेवा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।डॉ विनोद तिवारी को पार्टी में शामिल होने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल पहुंचे जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वी. डी. शर्मा ने उन्हें सदस्यता दिलाई,इस मौके पर कार्यालय प्रमुख भगवानदास सबनानी एवं कार्यालय मंत्री डॉ राघवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ. तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया की राष्ट्रवाद की नीति से प्रभावित होकर मैंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है,अब पूरे तन मन एवं समर्पण के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## अमर शहीदों के सम्मान में घर-घर की मिट्टी अमृतकलश में समर्पित...



केशब पंडित जी अम्बाह...??

**अंबाह...** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंबाह पीजी कॉलेज अंबा की रासेयो इकाइयों ने महाविद्यालय के आसपास की बस्तियों के घर-घर से चावल / मिट्टी का संग्रह किया यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विश्वास मेढेकर एवं रासेयो के जिला संगठक डॉक्टर शशी बल्लभ शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्ठान बताया कि मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है जो संपूर्ण देश में आजादी के आंदोलन में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं उनके सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। एकत्रित की गई मिट्टी देश की राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ के पास अमर शहीदों की याद में बनाई जा रही अमृत वाटिका में बिखरी जाएगी जिससे आने वाली पीढ़ियां शहीदों को स्मरण करती रहे कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पंकज भदौरिया वरिष्ठ स्वयंसेवक भारती, स्वार्थी शर्मा ,सौम्या, शिवानी, दिव्यांशी कुसुम मोनिका, शालू काजल श्रेया पल्लवी स्वाति शिवानी अंजलि रजनी स्वाति शर्मा आदि स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया आयोजन





दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

**मालनपुर।**विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचन आयोग जिला अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालनपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए छात्राओं के साथ एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें जिलधीश महोदय और जिला पंचायत सी ओ को उपस्थित होना था लेकिन किसी कारण से नहीं आ सके जिला शिक्षा अधिकारी हरभजन सिंह तोमर एवं नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यरूप से उपस्थिति रहे स्कूल प्राचार्य श्रीमती उमा सिंगल वह अपने समूह से शिक्षण स्टाफ के साथ रैली निकाली गई यह मतदान जागरूकता रैली शासकीय स्कूल से लेकर रिठौरा रोड होती हुई नेशनल हाईवे 719 पर चलती हुई हनुमान चौराहे पर से सब्जी मंडी में बाजार होते हुए खड़ेश्वरी मंदिर एवं समस्त गलियों में जागरूकता करते हुए स्कूल प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी तोमर ने आम जनता के समक्ष कहां आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें अपने पड़ोसी को भी मतदान करने की प्रेरणा दें कोई परेशानी नहीं आएगी हमारे भिंड जिले के निर्वाचन जिलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के बड़े कड़े निर्देशन में चुनाव कराने की मंशा जाहिर की है इसी कड़ी में किसी को कोई बड़ी परेशानी ना आए खुलकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें इस लोकतंत्र मैं बढ़कर अपना मत देकर दान करें इस अवसर पर स्थानीय शासकीय स्कूल की प्राचार्य श्रीमती उमा सिंगल एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री तोमर एवं नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह तोमर एवं समूचा शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे

## पुलिस अधीक्षक डा.असित यादव ने संभाला भिण्ड जिले का पदभार...



केशब पंडित जी अम्बाह...??

**भिण्ड...** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक डा.असित यादव जी ने पहले बजरंग बली के दर्शन कर पूजा याचना की फिर शनिवार की शाय- 04-00बजे भिण्ड पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार संभाल लिया है और उन्होने कहा लाइन ऑर्डर जैसी स्थिती को कायम रखने के लिये जनता के बीच संबाद के जरिये से अपराधो पर अकुश रखेगे ! भा.पु.से. के वरिष्ठ अधिकारी डा. असित यादव 2011 बैच के अधिकारी है और उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने बाले है वे काफी सहज, सरल, गंभीर, और लोकप्रिय अफसर माने जाते हैं उनकी पुलिसिंग की हमेशा सराहना की जाती है वह उमरिया व बालाघाट जिले में एसपी रहे है उज्जैन कुंभ मेले पर उनकी पुलिसिंग की ब्यबस्था को देखते हुऐ उन्है भोपाल स्वर्ण पदक से भी नवाजा गया है। उसके बाद चंबल मे अब्बल कह जाने वाले आईपीएस डा. असित यादव जी ने मुरैना जिले की कमान 28/02/2019 को सभाली और ताबड़ तोड कारबाइयो से मुरैना मे अमन चैन शान्ति ब्यबस्था करने मे सफल एसपी रहै चम्बल में अब्बल कह जाने बाले आईपीएस डा. असित यादव पूरे 16 महीने रहै उसके बाद 2 बटालियन ग्वालियर मे रहकर बटालियन को कायाकल्प बनाकर जनता के दिलो की धडकन रहै न्याय प्रिय पुलिस अफसर डा. असित यादव को महकमे के लोग भी काफी पसंद करते हैं वे जहां भी रहे अपराधों में गिरावट और अपराधियों में उनका खौफ बरकरार रहा है कोई कितना भी बडा आदमी क्यो न हो यदि अपराधी है तो पुलिसिया कारबाई से बच नही सकता है गुड्डे मबाली थरथर कापते है या जिला छोडकर ही भाग जाते है डा. असित यादव ने भिण्ड जिले का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालीन स्टॉप से परिचय प्राप्त कर समस्त राजपत्र अधिकारी व जिले के समस्त थाना प्रभारियो की मीटिग ली और व पेंडिंग फाइलों को भी देखा।

## समस्त आर्म्स लायसेंस जो राज्य एवं जिलों से जारी होकर इस जिले में दर्ज /नवीनीकरण नहीं कराए गये हैं, तत्काल प्रभाव से निलंबित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### लायसेंसी , शस्त्र को संबंधित थानों/ वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने भिण्ड जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर समस्त शस्त्र लायसेंस धारकों के निर्धारित फार्म (3) और (5) में जारी सभी प्रकार के शस्त्र तत्काल प्रभाव से 05 दिसम्बर 2023 तक निलम्बित किये जाकर शस्त्र सम्बन्धित थानोंध्वैध आर्म्स डीलर के यहां सेफ कस्टडी में अनिवार्य रूप से तत्काल जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।इसके अतिरिक्त , जिला भिण्ड अतंर्गत ऐसे शस्त्र लायसेंसधारी हैं जिनके शस्त्र लायसेंस अन्य राज्य एवं जिलों से जारी किये गये हैं, जिन्हें संबंधित लायसेंसधारी द्वारा जमा नहीं किये जाते हैं तथा जिनसे कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है।जिला दण्डाधिकारी ने जिला भिण्ड अतंर्गत ऐसे समस्त आर्म्स लायसेंसी के शस्त्र लायसेंस जो अन्य राज्य एवं जिलों से जारी होकर इस जिले में दर्ज ध् नवीनीकरण नहीं किये गये हैं के निर्धारित अनुज्ञप्ति फार्म (3) और (5) में जारी शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से दिनांक 05 दिसम्बर 2023 तक निलम्बित किये जाकर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे अपने लायसेंसी शस्त्र को संबंधित थानोंध् वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करें।वैध आर्म्स डीलर के यहां जमा किये गये लायसेंसी शस्त्र की सूचना संबंधित वैध आर्म्स लायसेंसी एवं वैध आर्म्स डीलर संबंधित थानों में दी जाना अनिवार्य होगी।

## नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की आराधना करने से होती है मन की इच्छा पूर्ण

मेसरीअन नील श्रीमाली
: पाटन गुजरात

नवरात्रि मनाने के पीछे कई मान्यताएं और कथाएं प्रचलित हैं, जिसका उल्लेख धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों में वर्णित है. पंचांग के अनुसार वैसे तो पूरे साल में कुल चार नवरात्रि मनाई जाती है. इनमें दो गुप्त नवरात्रि, एक चैत्र नवरात्रि और एक शारदीय नवरात्रि कहलाती है. चैत्र और आश्विन माह में पड़ने वाली नवरात्रि प्रमुख होती है. शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आश्विन माह के प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर दशमी तिथि तक होती है. शारदीय नवरात्रि - माता दुर्गा ने असुर महिषासुर के साथ युद्ध कर उसका वध किया. यह युद्ध पूरे नौ दिनों तक चला था और दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया. मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर असुरी शक्तियों का विनाश किया. कहा जाता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, तब वह समय आश्विन माह का था, इसलिए हर साल आश्विन माह की प्रतिपदा से लेकर पूरे नौ दिनों कर नवरात्रि का त्योहार मनाया




जाता है, जिसे शारदीय नवरात्रि कहते हैं. नवरात्रि व भगवान श्रीराम : अन्य कथा के अनुसार नौ दिनों तक नवरात्रि का पर्व मनाए जाने की कथा श्रीराम से जुड़ी है. इसके अनुसार जब रावण ने माता सीता का हरण कर लिया था. तब रावण से लड़ाई में विजय प्राप्त करने और माता सीता को छुड़ाने के लिए भगवान राम ने पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा का अनुष्ठान किया और दवसें दिन देवी दुर्गा ने प्रकट होकर भगवान राम को युद्ध में विजय प्राप्ति का आशीर्वाद दिया. भगवान श्रीराम ने दसवें दिन रावण का वध किया. इसके बाद से नवरात्रि मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई और दसवें दिन रावण का पुतला दहन किया जाता है.

मां भगवती के नौ स्वरूपों की पूजा होती है इस पावन नवारात्रीमे7 व्रत-उपवास रखे जाते हैं, गरबा नृत्य और आरती आदि होती है. नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि में माता का पाठ करने से देवी भगवती की खास कृपा होती है। मां दुर्गा को सुख, समृद्धि और धन की देवी माना जाता है. जो भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करता है उसे माता का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है। अपने ओर परिवार के कल्याण के लिए आप नीचे दिए गए मंत्र का जाप भी कर सकते है7

**श्री दुर्गा सप्तशती मंत्र**

1. आरोग्य और सौभाग्य के लिए-
देहि सौभाग्यंमारोग्यं देहिमे परमं सुखं रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।
2. सब प्रकार के कल्याण के लिएसर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।

## जिले की सभी विधानसभाओं में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### बिना भय, लालच एवं दबाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करें मतदान



**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु स्वीप गतिविधि अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग की आंगनबा?ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा परियोजना लहार के ग्राम बरहा एवं भिण्ड अर्बन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जनजागृक्त बढ़ाने के लिए लोगों को बताया ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे।मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत्-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया गया कि वे बिना भय, लालच एवं दबाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करें।

## समस्त आर्म्स लायसेंसी शस्त्र धारक संबंधित थानों के साथ-साथ वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में अपने लायसेंसी शस्त्र जमा कर सकते हैं

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ?ग से सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी प्रकार के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 05 दिसम्बर 2023 तक निलंबित कर दिए हैं।उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये समस्त आर्म्स लायसेंसी शस्त्र धारक संबंधित थानों के साथ-साथ वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में अपने लायसेंसी शस्त्र जमा करने की अनुमति दी जाती है।वैध आर्म्स डीलर के यहां जमा किये गये लायसेंसी शस्त्र की सूचना संबंधित वैध आर्म्स लायसेंसी एवं वैध आर्म्स डीलर को संबंधित थानों में दी जाना अनिवार्य होगी।

## भाजपा छोड़ कांग्रेस सदस्यता ग्रहण की



खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजलि टुडे

**खरगोन-** ग्राम घुघरी के 17 साथियों ने कमलनाथजी एवं कांग्रेस की रीति-नीति और विधायक रवि जोशी की कार्यशैली से प्रभावित होकर, भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस कार्यालय खरगोन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक की उपस्थिति में ग्राम घुघरी के आशाराम मण्डलोई, राकेश मण्डलोई, दिलीप मण्डलोई, नितिन मण्डलोई, सुनील मण्डलोई, विनोद मण्डलोई, राजू मण्डलोई, जितेन्द्र मण्डलोई, विनोद, रवि मण्डलोई, ऋतिक मण्डलोई, राजू मण्डलोई, बद्री पटेल पाटीदार, मुन्नालाल ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर भासीराम भाई जनपद सदस्य ने बताया कि हम सब विधायक रवि जोशी और कांग्रेस की कार्यशैली से प्रभावित हैं इसलिए हम कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं । इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शहर कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णा ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य लखन पाटीदार, जिला चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष नाथूलाल पाटीदार, बलिराम पाटीदार, राजू दरबार प्रमुख रूप से मौजूद थे। भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी साथियों ने आगामी विधानसभा और लोकसभा में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से जीतने का संकल्प लिया।

## शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिये सीमावर्ती जिलों के अधिकारी समन्वय के साथ सहयोग करें

### अंतर्राज्यीय और अंतरजिला बॉर्डर मीटिंग सपंन्न

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में शांतिपूर्ण, विधि-सम्यक, निष्पक्ष और भयरहित वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सतना श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में सतना जिला सहित मध्यप्रदेश के 7 जिलों एवं अंतर्राज्यीय सीमा बांदा और चित्रकूट जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों के साथ अंतर्राज्यीय और अंतरजिला बॉर्डर मीटिंग सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी सतना ने सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से समन्यवय और टीम भावना से सहयोग करने की अपेक्षा की। इस मौके पर कलेक्टर सीधी साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत, एडीएम रीवा शैलेन्द्र सिंह, एडीएम चित्रकूट यूपी वंदिता श्रीवास्तव, एएसपी चित्रकूट यूपी चक्रपाणि, एएसपी सीधी अरविंद श्रीवास्तव, सीईओ





अर्तरा यूपी जियाउद्दीन अहमद, एसडीएम बांदा यूपी विकास यादव, डीएसपी पन्ना राजेंद्र मोहन दुबे, संयुक्त कलेक्टर पन्ना एएस गौतम, अपर कलेक्टर सतना ऋषि पवार, आयुक्त नगर निगम सतना अभिषेक गहलोत, एसडीएम शहडोल भागीरथी लाहरे, एसडीओपी रविप्रकाश, रिटर्निंग ऑफीसर नीरज खरे, जीतेंद्र वर्मा उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत 17 नवंबर को मध्यप्रदेश के जिलों में मतदान होगा। विधानसभा आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण रुप से संपन्न कराने में सीमावर्ती जिलों के साथ ही अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सतना जिले की चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चित्रकूट और बांदा जिले से लगने वाली सीमा पर अंतर्राज्यीय नाकाबंदी की गई है। उन्होने सतना जिले में स्थित मतदान केंद्रों में जिला बांदा, जिला पन्ना, जिला चित्रकूट कर्वी यूपी, जिला रीवा, सीधी, कटनी और शहडोल से लगे हुये मतदान केंद्र की जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व संबंधित क्षेत्रों में शुष्क दिवस घोषित किया जाता है। सीमावर्ती क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिये अपने यहां निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुष्क दिवस घोषित करें। इसी प्रकार मदिरा एवं प्रलोभन के लिये संदाय की जाने वाली वस्तुओ, अस्त्र-शस्त्र, असलहे आदि के परिवहन और संग्रह पर भी क?ी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि दीपावली की अमावस्या पर चित्रकूट में लगने वाले 5 दिवसीय मेले में लाखों की तादाद में आने वाले श्रृद्धालुओं के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित विधानसभा के मतदाता ही उस क्षेत्र में 48 घंटे पूर्व से रह सकते हैं। ऐसे में अन्य विधानसभा क्षेत्र के लोगों की निकासी का कार्य भी एक महत्वपूर्ण टास्क होगा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित मतदान केंद्रों में से कुछ क्रिटिकल मतदान केंद्र भी है। जिनमें केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया जायेगा। उन्होने कहा कि मतदान के 48 घंटे पूर्व से विधानसभा क्षेत्र के बाहर का कोई मतदाता उस क्षेत्र में नहीं रह सकेगा। ताकि निर्वाचन की शुचिता को बरकरार रखा जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी वारंट की तामीली और जिला बदर किये गये अपराधियों पर क?ी नजर रखी जाये और उल्लंघन करने पर रासुका की धारा सुनिश्चित करें। सीमावर्ती जिलों में लंबित स्थायी वारंटो की तामीली कराकर न्यायालयों में पेश किये जायें। उन्होने बताया कि सतना जिले की सीमा से लगे चित्रकूट जिले, कलिंजर, मारकुण्डी और मानिकपुर क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिये गये हैं। उन्हें भी तत्काल संबंधित थाने में जमा कराये जायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मदिरा सहित कोई संदिग्ध वस्तुयें कहीं भी पक?ी जाती हैं तो निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उसके परिवहन की बैकट्रेसिंग की जायेगी। ताकि किन-किन नाकों और जिलो से वह वस्तु जब्ती स्थल तक पहुंची है। इसके लिये बैकट्रेसिंग मार्ग के नाकों और जिलों से पूंछताछ भी की जायेगी।

संपादकीय

## पंजाब में सत्ताधीशों के जागने का वक्त

पंजाब में खेती के लिये अंधाधुंध रासायनिक खाद व कीटनाशकों के प्रयोग से जिस संकट की आहट महसूस की जा रही थी, उस आशंका पर मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोध ने मोहर लगायी है। यह शोध पिछले दो दशक में पंजाब के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में भूजल की गुणवत्ता में आई गंभीर गिरावट को दर्शाता है। जिससे कैंसर आदि गंभीर रोगों के खतरे में इजाफा हुआ है। लोगों की सेहत पर इसका घातक असर पड़ रहा है। आईआईटी मंडी ने पिछले बीस सालों में भूजल के स्तर में आए बदलाव का व्यापक अध्ययन किया। शोध का निष्कर्ष बताता है कि पंजाब सरकार पीने और सिंचाई में उपयोग में लाये जाने वाले पानी की गुणवत्ता को सुधारने के लिये तत्काल प्रभाव से कदम उठाये। अध्ययन बताता है कि पानी की गुणवत्ता में यह गिरावट कृषि अवशेषों और मानवीय गतिविधियों में आई तेजी से आई है। दरअसल, यह अध्ययन आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. डीपी शुक्ला व पंजाब की पीएचडी छात्रा हरसिमरनजीत कौर आदि के सहयोग से हुआ। अध्ययन का लक्ष्य यह पता लगाना था कि पेयजल के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता वर्ष 2000 से 2020 के बीच कैसे परिवर्तित हो गई। इसमें स्वास्थ्य के लिये खतरा बन रहे नाइट्रेट व फ्लोराइड जैसे घातक पदार्थों के प्रभावों की जांच की गई। साथ ही उन क्षेत्रों का अध्ययन किया गया जहां पानी की गुणवत्ता में सबसे ज्यादा गिरावट हुई है। यह शोध पर्यावरण विज्ञान व प्रदूषण अनुसंधान पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन बताता है कि पानी में कैल्शियम व मैग्नीशियम की मात्रा निर्धारित मानकों से बहुत ज्यादा है, जो लोगों में पथरी बनाने के कारक बनते हैं। अध्ययन बताते हैं कि दक्षिण–पश्चिम पंजाब में लोगों में पथरी की समस्या में वृद्धि देखी गई है। वहीं फ्लोराइड भी निर्धारित मानकों से कहीं अधिक पाया गया है।दरअसल, पंजाब में ये पानी के नमूने 315 स्थानों से लिये गये। जिसमें फ्लोराइड की मात्रा भी अधिक पायी गई। उल्लेखनीय है कि पंजाब में 94 फीसदी आबादी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिये भूजल पर निर्भर है। ऐसे में यह रिपोर्ट स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है और मांग करती है कि इस दिशा में तत्काल सुधार के लिये कदम उठाए जाएं। यह विडंबना ही है कि कभी पूरे देश के लिये अनाज का कटोरा कहा जाने वाला पंजाब धीरे–धीरे कैंसर की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। कम से कम आईआईटी मंडी की रिपोर्ट के चौंकाने वाले खुलासे इस ओर इशारा करते हैं। निस्संदेह, इन हालात में पंजाब में पीने के पानी की गुणवत्ता में गिरावट के लिये अन्य प्रमाणिक अध्ययन की जरूरत भी महसूस की जा रही है। वैसे पूर्वोत्तर पंजाब में भूजल की गुणवत्ता बेहतर पायी गई है। जानकार मानते हैं कि पिछली आधी सदी में पंजाब में खेती के पैटर्न में जो बदलाव आया है उसका नतीजा पानी की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में सामने आया है। जिसका मुख्य कारण हरित क्रांति के चलते चावल व गेहूं की उच्च उपज लेने के लिये रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग होना है। इन गहन कृषि पद्धतियों के कारण राज्य में भूजल का अत्यधिक दोहन हुआ। राज्य में अच्छे मानसून न आने पर बड़ी मात्रा में भूजल का इस्तेमाल सिंचाई की आवश्यकताओं को पूर्ण करने लिये किया गया। ऐसे में भूजल का स्तर नीचे जाने से उसकी गहराई बढ़ी। जिसके चलते भूजल की गुणवत्ता लगातार खराब होती गई। बहुत गहराई से पानी के दोहन के चलते उसमें भारी धातुओं का समावेश हो गया। इसमें कुछ रेडियोएक्टिव तत्व होने की आशंका भी बनी रहती है। निस्संदेह ये लोगों के स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती पैदा करते हैं। उल्लेखनीय है कि अध्ययन में पाया गया कि हिमालयी नदियों द्वारा पोषित उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता तुलनात्मक रूप से बेहतर पायी गई है। ऐसे में इस स्थिति की गंभीरता को महसूस करते हुए पंजाब सरकार को पेयजल व सिंचाई जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# हमास का समर्थन या भारत का विरोध क्या है, एएमयू का एजेंडा

**अंकित शुक्ला विशेष**

> *सवाल एक ऐसे कट्टरपंथी संगठन हमास का है जो पूरी दुनिया में सबसे कुख्यात आतंकवादी संगठन है। याद करिए उस घटना को जब पूरी दुनिया कांप उठी थी। जब इजरायली महिला सैनिक को निर्वस्त्र कर उसके मृत शरीर के ऊपर खड़े होकर इन आतंकियों ने नारे लगाए थे।*

भारत सरकार के अनुदान से चलने वाला अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय भारत के विरोध में ही क्यों खड़ा हो जाता है। दुनिया जानती है की फिलीस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने वाला भारत सबसे पहला देश है और इसराइल को मान्यता देने वाला भारत सबसे आखरी देश है। यहां सवाल फिलिस्तीन या इजराइल का नहीं है और ना ही किसी धर्म विशेष मजहब से है। सवाल एक ऐसे कट्टरपंथी संगठन हमास का है जो पूरी दुनिया में सबसे कुख्यात आतंकवादी संगठन है। याद करिए उस घटना को जब पूरी दुनिया कांप उठी थी। जब इजरायली महिला सैनिक को निर्वस्त्र कर उसके मृत शरीर के ऊपर खड़े होकर इन आतंकियों ने नारे लगाए थे। क्या है यह पूरा मामला आखिर क्यों हो रही है फिलिस्तीन और इजरायल के बीच लड़ाइयां प्रथम विश्व युद्ध के समय जब ऑटोमन सल्तनत की हार के बाद ब्रिटिश ने अपने अधिकार में ले लिया तब इजराइल का कोई भी नामोनिशान नहीं था। तब इस पूरे इलाके को फिलिस्तीन के नाम से जाना जाता था। यहां पर अल्पसंख्यक यहूदी और बहुसंख्यक अरब रहा करते थे वर्ष 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया फिलिस्तीन का एक हिस्सा यहूदियों को मिला और दूसरा हिस्सा अरब लोगों को लेकिन मई 1948 को यहूदियों ने अपने हिस्से को एक अलग देश घोषित कर दिया जिसका नाम इसराइल रखा गया। इसराइलियों के इस फैसले से अरबी समुदाय खुश नहीं था। और फिर युद्ध की शुरुआत हुई और लाखों लोग बेघर हो गए युद्ध के बाद पूरे इलाके को तीन हिस्सों में बांट दिया गया फिलीस्तीन को पश्चिम किनारा और गाजा पट्टी का इलाका मिला गाजा पट्टी इसराइल और मिस्र के बीच भूमध्य सागरी तट पर स्थित है। अब यहां गाजा पट्टी पर फिलिस्तीन आतंकवादी संगठन हमास का कब्जा है। जबकि पश्चिमी किनारे पर इजरायल ने कब्जा किया हुआ है। इसराइल ने यरुशलम शहर पर भी युद्ध के दौरान कब्जा कर लिया और शहर के पश्चिमी हिस्से तक अपना कब्जा कर लिया। यरूसलम दुनिया की एकमात्र ऐसी जगह है जहां दुनिया में तीन बड़े धर्म इस्लाम यहूदी और ईसाई अपना पवित्र धर्म स्थल होने का दावा करते हैं। फिलिस्तीन यरूसलम को अपनी राजधानी बनाना चाहता है। इसके अलावा अरबी समुदाय के लोग यरूसलम को पवित्र स्थान मानते हैं। क्योंकि यहां अल अक्सा मस्जिद है अल अक्सा मस्जिद को इस्लाम में मक्का मदीना के बाद तीसरा सबसे बड़ा पवित्र स्थल माना जाता है। तथा यहूदी इसे टेंपल टाउन कहते हैं वही ईसाइयों का मानना है कि यह वही जगह है जहां ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। और यही वह अवतरित हुए यहां द चर्च ऑफ द होली सैफलर है इसी के भीतर ईसा मसीह का मकबरा भी है। यहूदियों के लिए यह एक पवित्र स्थल है जो डूम ऑफ द रॉक के नाम से जाना जाता है जो इसी के भीतर है। तथा पैगंबर मोहम्मद से जुड़े होने के कारण डूम ऑफ द रॉक में मुसलमान भी आस्था रखते हैं। इस जगह को लेकर वर्षों से यहूदियों और फिलिस्तीनियों के बीच विवाद चला आ रहा है। तथा अल अक्सा मस्जिद को लेकर मुस्लिम देशों से इजरायल की लड़ाई होती रही है। यह पहला मौका नहीं है जब फिलिस्तीन आतंकवादी हमास इसके लिए लड़ रहे हैं वर्ष 2021 में भी यह लड़ाई 11 दिनों तक चली थी। पिछले 25 वर्षों से शांति वार्ता चल रही है लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकल सका है। लेकिन मुद्दा यह है की इसराइल हमास फिलिस्तीन आपस में लड़ रहे हैं। और हमास के समर्थन में भारत में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र खड़े नजर आ रहे हैं। और यह घटना तब होती है जब भारत के प्रधानमंत्री यह कहते हैं कि हम इस दुख की घड़ी में इजरायल के साथ हैं। आखिर बार–बार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय भारत के विरोध में क्यों खड़ा होजाता है। मामला कश्मीर पाकिस्तान का हो या अरुणाचल प्रदेश चीन का हो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय भारत के विरोध में ही खड़ा नजर आता है। आप पूछो तो बताया जाएगा साहब संविधान में लिखा है हमको अपनी बात कहने का हक है। किस संविधान में लिखा है कि अपने राष्ट्र का विरोध करो संविधान तो कहता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि जब सरकार ने फिलीस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दी थी हम तब भी सरकार के साथ खड़े थे। इस बार हमास के हमले में लगभग 700 इजरायली लोगों की जाने जा चुकी हैं कितने लोगों को बंधक बनाया जा चुका है बर्बरता कुर्ता का नंगा नाच देखने को मिल रहा है सरे आम मानवता की हत्या हो रही है।

# भारत देगा चीन को टक्कर

रबार्कलेज पीएलसी का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था को चीन से आगे निकलने के लिए प्रति वर्ष आठ प्रतिशत वृद्धि की जरूरत है। भारत को काफी ज्यादा निवेश की जरूरत है। दक्षिण एशियाई देशों को माइनिंग, ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटीज और स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारत ने हाल ही के वर्षों में दूरसंचार और डिजिटल सैक्टर में ज्यादा निवेश किया है जिसका लाभ उसे मिल रहा है। निवेशक चीन के शेयर बाजार से धन निकाल कर भारत में लगा रहे हैं। कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां चीन से निकलकर भारत और अन्य देशों में उद्योग लगा रही हैं। चीन से निकलकर एप्पल, सैमसंग जैसी कई कम्पनियां भारत में आ चुकी हैं। जी–20 देशों से प्रगाढ़ संबंध कायम करके भारत अपना व्यापार भी बढ़ा रहा है। इस सबके बावजूद भारत द्वारा चीन को पछाड़ना काफी चुनौतीपूर्ण है। जरूरत इस बात की है कि भारत ज्यादा उत्पादन करे ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें। देश में नए क्षेत्रों के साथ–साथ पारम्परिक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाए। सैमी कंडक्टर के निर्माण में तेजी लाकर परिदृश्य बदला जा सकता है। भारत की एफडीआई के लिए अपनी नीतियों को और भी उदार बनाना होगा। अभी भी भारत के बाजारों में चीनी माल हावी है। इसका मुकाबला करने का साहस हम आज भी नहीं कर रहे। भारत और चीन में आर्थिक वृद्धि को लेकर होड़ जरूर है, लेकिन अभी हमें बहुत लम्बा रास्ता तय करना है। लम्बे समय तक भारत को भूखे नंगे देश के रूप में जाना जाता रहा। उसके बाद भारत को एक बड़े बाजार के रूप में देखा जाने लगा, लेकिन भारत ने जिस तरीके से आर्थिक अवसरों का लाभ उठाया है, उससे भारत अब वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। आर्थिक विशेषज्ञों के विचार काफी अलग–अलग हैं। लेकिन इतना निश्चित है कि भारत के चीन को आर्थिक टक्कर देने के कई कारण हमारे सामने हैं। कुछ समय पहले ऐसा माना जाता रहा था कि चीन की विकास की रफ्तार से दुनिया धीमी पड़ गई है। दुनियाभर के बाजार चीन के माल से पटे पड़े थे। ऐसा शोर मच गया थाध कि चीन जल्द ही अमेरिका को पछाड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। लेकिन कोरोना महामारी के चलते चीन की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से हिल गई। आज चीन में बेरोजगारी बहुत बढ़ चुकी है। रियल स्टेट पूरी तरह से धड़ाम हो चुका है। पिछले साल चीन की इकोनॉमी तीन प्रतिशत की ग्रोथ से बढ़ी जो 10 सालों में सबसे कम है। चीन का एक्सपोर्ट धड़ाम से गिर गया है, सर्विस पीएमआई 8 महीने के लो पर पहुंच गया। कंपनियों पर सरकार की कार्रवाई से भी दुनिया का भरोसा चीन पर कम हुआ है। साथ ही अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ चीन का तनाव चरम पर है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका आज बेहतर स्थिति में दिख रहा है। स्ट्रॉन्ग लेबर मार्केट, कंज्यूमर खर्च में बढ़ोतरी और महंगाई में गिरावट से देश की इकोनॉमी में आत्मविश्वास की बहाली हुई है। कुछ महीने पहले तक अमेरिका के मंदी में फंसने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन फिलहाल अमेरिका की इकोनॉमी उस स्थिति से बाहर निकल गई है। अगर भारत की बात करें तो लगातार 2 साल से ऐसा हो रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चीन की अर्थव्यवस्था के मुकाबले ज्यादा तेजी से वृद्धि कर रही है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 फीसदी रहेगी, जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में चीन की वृद्धि दर अस्वाभाविक रूप से महज 3 फीसदी रही। इसी तरह, पिछले वर्ष भी भारत ने 9.1 फीसदी की दर के साथ चीन को मात दी, जिसकी दर 8.1 फीसदी रही। यह कोविड के लक्षण उभरने से 5 साल पहले तक (कैलेंडर वर्ष 2014–18, और उनके बाद के भारत के वित्त वर्षों में) दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले दो देशों के तुलनात्मक प्रदर्शन के बावजूद हुआ है। तब भारत ने औसत 7.4 फीसदी की वृद्धि दर के साथ पड़ोसी देश चीन को पहली बार पीछे छोड़ा, जो 7 फीसदी की वृद्धि दर ही हासिल कर पाया था। इस तरह यह कहानी चल पड़ी कि भारत दुनिया की वह बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज कर रही है और उसने तीन दशकों से इस गौरव के हकदार चीन को इस गद्दी से नीचे उतार दिया है। आजकल आर्ध्थक क्षेत्रों में इस बात पर गम्भीरता से चर्चा हो रही है कि क्या भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चीन को पछाड़ देगा? भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक इस समय अच्छा महसूस करने के लिए काफी हैं। वैश्विक वित्त संस्थान भी लगातार भारत की हवा बनाने में लगे हुए हैं। भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों से बुनियादी ढांचे पर अपना खर्च बढ़ाया है और चालू वित्त वर्ष में मार्च 2024 तक रिकार्ड 10 ट्रिलियन यानि 10 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले 2 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था को 3.7 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ाकर 5 ट्रिलियन डॉलर करने की अपनी महत्वाकांक्षा को लेकर दिन–रात एक कर रहे हैं। चीन की अर्थव्यवस्था भारत से 7 गुणा बड़ी है। चीन की तुलना में भारत की प्रतिघ्स्पर्धा क्षमता बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में भारत को एशिया के सबसे उभरते बाजारों की सूची में पहले नम्बर पर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यम वर्ग की बढ़ रही क्रय शक्ति और कार्पोरेट सैक्टर का विकास भारत की अर्थव्यवस्था की ताकत को बढ़ा रहे हैं।






मेष :– घर–परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों पैदा हुए कुछ व्यावसायिक अवरोधों का हल ढूंढने के लिए केंद्रित होंगे। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े संबंधों में सुधार होगा।

बृषभ :– मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक जगत की चकाचौंध से प्रभावित मन दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

मिथुन :– परिजनों व मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रखेगा। कार्य–पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य न करें।

कर्क :– कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करेगा। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर भावनात्मक असंतोष होगा।

सिंह :– मन को खराब विचारों से दूर रखते हुए अच्छे कायरें की ओर केंद्रित करें। कुछ नई स्थितियां नई प्रतिभा का संचार करेंगी। संबंधों में सुख के लिए अपने नैतिक कर्तव्यों के प्रति सजग हों।

कन्या :– वाणी पर नियंतण्ररखते हुए सगे–संबंधों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार व आर्थिक लाभ के आसार हैं।

तुला :– आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद में सफलता दिलाएंगी। कार्यक्षेत्र में अपनी बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

वृश्चिक :– परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। अतरू इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नयी संवेदना का प्रभाव किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। बड़ों का सहयोग मिलेगा।

धनु :– परंपराओं व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्याभाव ठीक नहीं है। अपनी आंतरिक रचनात्मक गुणों को पहचानते हुए सही दिशा व लक्ष्य की ओर केंद्रित हों। घर में खुशहाली रहेगी।

मकर :– किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

# अब अरुंधति रॉय के खिलाफ मामला

**सोरभ सिंह**

> *उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है।*

13 साल पुराने एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल विवेक सक्सेना ने इसके लिये अनुमति देकर यह साफ कर दिया है कि ऐसे सारे तमाम बुद्धिजीवी, लेखक व पत्रकार सरकार से बच नहीं सकते अगर वे उसके आलोचक हैं। उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को सूचित किया है कि 2010 के एक भड़काऊ भाषणों से संबंधित एक मामले में लेखक–एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय तथा एक पूर्व कश्मीरी प्रो. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। रॉय तथा पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ उक्त एफआईआर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुई थी। यहां के तिलक मार्ग थाने में यह शिकायत कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज कराई थी। उनके अनुसार उसी साल 21 अक्टूबर को श्कमेटी फॉर रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिजनर्सश के तत्वावधान में श्आजादीश नामक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। सम्मेलन में और भी ऐसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी जिनका लक्ष्य कश्मीर को भारत से अलग करना था। यह भी आरोप था कि इन कथित भड़काऊ भाषणों से सार्वजनिक शांति और सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उल्लेखनीय है कि मामले में दो और आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी भी थे जिनकी मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक रॉय और हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया आईपीसी की धाराओं 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध का मामला बनता है। अनेक प्रसिद्ध पुस्तकों की लेखिका एवं बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय व अन्य वक्ताओं के भाषणों के मेरिट पर तो कोर्ट गौर फरमायेगा लेकिन अगर यह मान भी लिया जाये कि उन्होंने ऐसा कहा है, तो भी सच यह है कि यह मामला एक तरह से लोग भूल चुके थे। सम्भवतरू आरोपी वक्तागण भी भूल गये रहे होंगे। फिर, इन भाषणों के कारण अगर देश की शांति व सुरक्षा को किसी भी तरह से खतरा होना होता तो वह अब तक हो चुका होता और देश उसका खामियाजा भी भुगत चुका होता। इस बयान से न तो देश में कहीं शांति–व्यवस्था का मसला उठा और न ही इन बयानों से कश्मीर को भारत से अलग होने की कोई प्रेरणा मिली। उल्टे, अब तो भारत सरकार द्वारा जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद–370 को समाप्त किए हुए चार साल से भी अधिक का समय हो चुका है। सरकार का दावा है कि वहां अब पूरी तरह से शांति है तो फिर शांति व सुरक्षा का मामला उठता ही कहां है? दूसरे, अगर ये बयान इतने ही खतरनाक एवं देश की एकता व अखंडता के लिये खतरा थे, तो उसका परीक्षण करने में सवा दशक से भी ज्यादा समय क्यों लगा? इसका सीधा सा अर्थ यह है कि मामला इतना गम्भीर है नहीं, उसे वैसा गम्भीर बतलाने व बनाने की यह कोशिश है। क्या सरकार को यह जानने में इतना समय लगा कि बयान खतरनाक है या नहीं? जो आरोप लगाये गये हैं वे इतने गम्भीर हैं कि इतने दिनों में तो उसका फैसला हो जाना चाहिये था। अगर सजा सुना भी दी जाती तो अब तक आरोपी सजा काटकर जेल की सींखचों से बाहर भी आ चुके होते। जाहिर है कि देश में पिछले कुछ समय से प्रतिरोध के स्वर को दबाने के जो प्रयास हो रहे हैं, उसी की एक श्रृंखला के रूप में इसे देखा जाना चाहिये। जिस प्रकार से जनसामान्य की बात कहने या सरकार का विरोध करने के कारण वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, वर्नन गोंजाल्विस, अरूण फरेरा, प्रो. जीएन साईंबाबा, सोनी सोरी, तीस्ता सीतलवाड आदि को जेलों में डाला जाता है, वैसे ही अब अरुंधति रॉय को डालने की तैयारी दिखती है। पत्रकार सिद्दीक कप्पन से लेकर हाल ही में न्यूजक्लिक के संस्थापक सम्पादक प्रवीर पुरकायस्थ की हुई गिरफ्तारी व उन्हें लम्बी हिरासत में भेजना उसी कहानी का प्रकारांतर से दोहराव है। जिनकी किस्मत अच्छी होती है उन्हें जमानत मिल जाती है, शेष या तो स्टेन स्वामी की तरह जेलों में एक स्ट्रा के लिये तरसते हुए मारे जाते हैं या फिर गौरी लंकेश की भांति अतिवादियों के हाथों मारे जाते हैं। ये ही वे कारण हैं जिनके चलते आज भारत विभिन्न देशों में मानवाधिकारों के मामलों में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां हो रहे मानवाधिकारों के हनन की गूंज पूरी दुनिया में जा रही है। भारत में जिस उदार विमर्श की परम्परा रही है। उसका पूरी तरह से लोप होता हुआ दिख रहा है। अरुंधति रॉय को पूरी दुनिया में बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। अपने प्रसिद्ध उपन्यास श्गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्सश के लिये पुरस्कार स्वरूप मिली राशि जनांदोलनों को दान करने वाली सुश्री रॉय अपने लेखों से व्यवस्था की खामियों को लगातार उजागर करती हैं जो सत्ता की नाराजगी का कारण बनता है। गम्भीर साहित्य के साथ सामयिक विषयों पर उनके लेखों को भारत ही नहीं, विश्व भर में उत्सुकता से पढ़ा जाता है। कश्मीर का मसला लम्बे समय से चर्चा में रहा है।

## कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.56 डॉलर यानी 0.65 फीसदी उछलकर 86.56 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.73 डॉलर यानी 0.88 फीसदी की बढ़त के साथ 83.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




## आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.39 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) नियमों समेत कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने जारी बयान में कहा कि केवाईसी सहित अन्य नियमों के उल्लघंन मामले में पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक पर ये कार्रवाई भुगतान बैंकों को लाइसेंस देने के दिशा-निर्देशों, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे और यूपीआई परिवेश सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर की गई है। आरबीआई ने कहा कि बैंक को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। केवाईसी की विशेष जांच से पता चला है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने भुगतान लेन-देन पर निगरानी नहीं रखी। बैंक के जबाव मिलने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि बैंक पर उपरोक्त आरबीआई निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ। इसके बाद बैंक पर यह मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है।




## देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त महीने में 10.3 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन में शानदार तेजी दर्ज हुई है। देश का औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर अगस्त में 10.3 फीसदी बढ़ा है। विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से यह बढ़ोतरी दर्ज हुई है। ये वृद्धि पिछले 14 महीनों में सबसे अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल की समान अवधि में यह 0.7 फीसदी घटा था। एनएसओ के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन की हालिया वृद्धि दर पिछले 14 महीनों में सबसे अधिक है। एनएसओ के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। अगस्त महीने में खनन उत्पादन 12.3 फीसदी बढ़ा। वहीं, बिजली उत्पादन में 15.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी में सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की वृद्धि हुई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 7.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी।



## प्रतिस्पर्धा कानून ढांचे में निरंतरता आयाम शामिल करने पर विचारः रवनीत कौर

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरमैन रवनीत कौर ने कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून के ढांचे में निरंतरता से जुड़े पहलुओं को शामिल करने के तरीकों पर विचार किया जा रहा है।

सीसीआई प्रमुख ने राजधानी नई दिल्ली में आठवें ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन 2023 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुछ देशों ने प्रतिस्पर्धा कानून ढांचे में निरंतरता आयामों को शामिल करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। रवनीत कौर ने कहा कि मुझे पता चला है कि जापान ने कुछ विशिष्ट हरित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इसे अपने प्रतिस्पर्धा कानून ढांचे में किस तरह शामिल कर सकते हैं। कौर ने कहा कि तेजी से बढ़ते बाजारों और प्रौद्योगिकी प्रगति ने प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए आयाम जोड़ने के साथ प्रतिस्पर्धा नियामकों के समक्ष नई चुनौतियां पेश की हैं। आठवें ब्रिक्स सीसीआई सम्मेलन 2023 का आयोजन भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने किया है। सम्मेलन का विषय प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए मुद्दे-आयाम, परिप्रेक्ष्य और चुनौतियां है।




उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग भारत की एक संविधिक संस्था है। इस संस्था का उद्देश्य स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना भी है, ताकि बाजार उपभोक्ताओं के हित का साधन बनाया जा सके। यह संस्था बाजार में अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं पर नजर रखती है और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए भी काम करती है।

## खुदरा महंगाई दर सितंबर महीने में घटकर 5.02 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं के दाम गिरने से सितंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर तीन महीनों के निचले स्तर 5.02 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने अगस्त में खुदरा महंगाई 6.83 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर 5.02 फीसदी रही, जबकि एक साल पहले सितंबर में यह 7.41 फीसदी थी। हालांकि, अगस्त, 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.83 फीसदी रही थी।

आंकड़ों के मुताबिक सितंबर में खाद्य उत्पादों की कीमतें घटने की वजह से खाद्य महंगाई 6.56 फीसदी पर आ गई है, जबकि अगस्त महीने में यह 9.94 फीसदी रही थी। सितंबर में सब्जियों की महंगाई घटकर 3.39 फीसदी रह गई, जो अगस्त में 26.14 फीसदी रही थी। सितंबर में अनाज की महंगाई 10.95 फीसदी रही। ईंधन और बिजली खंड की महंगाई में शून्य से 0.11 फीसदी की गिरावट आई है।



इस तरह खुदरा महंगाई दर जून, 2023 के बाद सितंबर में सबसे कम रही है। जून में यह 4.87 फीसदी रही थी। खुदरा महंगाई दो महीने के अंतराल के बाद फिर से रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में आ गई है। आरबीआई द्विमासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा में मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

## जंग के बीच सोने-चांदी ने लगाई छलांग, वायदा कारोबार में चमकीली धातुओं में तेजी

**नई दिल्ली।** इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का असर सोने-चांदी के भाव पर नजर आने लगा है। जंग के बीच मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में इन दोनों चमकीली धातुओं ने जोरदार छलांग लगाई है। सिर्फ 4 दिन में ही सोने की कीमत में करीब 1,500 रुपये की तेजी आ चुकी है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी इन 4 दिनों के दौरान 3,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। एमसीएक्स में आज वायदा कारोबार के तहत सोना 57,883 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह चांदी 69,663 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में वायदा कारोबार के तहत सोने और चांदी की कीमत में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है। जानकारों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर जब भी तनाव की स्थिति बनती है, तो अर्थव्यवस्था से जुड़े दो क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ता है। निवेशक जहां इक्विटी मार्केट से अपना पैसा निकालने में जुट जाते हैं, वहीं सोना या चांदी जैसे मूल्यवान धातुओं में अपना निवेश बढ़ा देते हैं। सोना और चांदी को लंबे समय से निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम माना जाता है। यही वजह है कि तनाव की स्थिति बनने पर अपना पैसा सुरक्षित रखने के लिए निवेशक इन दोनों धातुओं में अपना पैसा लगाने लगते हैं। हालांकि कुछ जानकारों का कहना है कि भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में आई तेजी की एक वजह त्योहारी सीजन भी है। 15 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नवरात्र से लेकर दीपावली तक लगातार सोने और चांदी की भारतीय बाजार में खरीदारी की जाएगी। इसके साथ ही शादी के सीजन के लिए भी सोने और चांदी की मांग बढ़ेगी। ऐसे में वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में अभी और तेजी आने की उम्मीद की जा रही है।




## डिजिटल बाजारों को विनियमित करने के लिए एक मजबूत तंत्र की जरूरतः एनसीएलएटी चेयरमैन

**नई दिल्ली।** भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र के देशों से विकास की चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने को कहा और उन्हें अव्यावहारिक परियोजनाओं या अस्थिर कर्ज में 'छिपे एजेंडे' के खतरों के मामले में स्पष्ट रहने को कहा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 23वीं मंत्रिमंडलीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि (यूएनसीएलओएस) के आधार पर हिंद महासागर को एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी स्थान के रूप में बनाए रखना महत्वपूर्ण है। भारत की ओर ये ये बातें चीन की ओर से जारी कर्जे के ट्रैप जुड़ी डिप्लोमेसी के संदर्भ में कही है। बाद में प्रेस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आईओआरए के प्रति भारत की प्रतिबद्धता शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, साझा समृद्धि और क्षेत्रीय सहयोग के सिद्धांतों में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा, 'सदस्य देशों के विकास और समृद्धि के लिए विकास संबंधी चुनौतियों का लगातार और प्रभावी तरीके से समाधान किया जाना चाहिए।



## सीतारमण ने ब्राजील के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री से द्विपक्षीय मुद्दों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्राजील के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री फर्नांडो हद्दाद से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण और फर्नांडो हद्दाद ने यहां मुलाकात की। मोरक्को के मराकेश में जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की चौथी बैठक और मुद्राकोष-विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अलग से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा की। इसमें एमडीबी को मजबूत करना, जलवायु परिवर्तन के लिए वित्त जुटाना, क्रिप्टो संपत्तियां, वित्तीय समावेश को आगे बढ़ाना, ब्रिक्स का विस्तार आदि शामिल हैं।



सीतारमण ने इस दौरान ब्राजील की सफलता की कामना और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। ब्राजील के 2024 में जी-20 की अध्यक्षता संभालने और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के पास इसकी अध्यक्षता जाने पर उन्होंने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के मुद्दों को सकारात्मक गति तथा ऊंचाई प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। गौरतलब है कि ब्राजील एक दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। वह 2024 में अगली जी-20 बैठक की मेजबानी करेगा। फिलहाल जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है।

## वैश्विक बाजार में सुस्त पड़ा चीन, सितंबर में लगातार पांचवें महीने आयात और निर्यात में गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक मांग कमजोर होने के कारण चीन के निर्यात और आयात में लगातार पांचवें महीने सितंबर में 6.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एपी के अनुसार चीन के निर्यात और आयात दोनों में सितंबर में एक साल पहले की तुलना में गिरावट आई है, हालांकि वैश्विक मांग के सुस्त रहने के बावजूद गिरावट की गति धीमी है। जारी सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में निर्यात लगातार पांचवें महीने 6.2 प्रतिशत घटकर 299.13 अरब डॉलर रह गया। आयात भी 6.2 प्रतिशत घटकर 221.43 अरब डॉलर रह गया। चीन ने 77.71 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, जो अगस्त में 68.36 अरब डॉलर था। सीमा शुल्क के सामान्य प्रशासन के प्रवक्ता लू डालियांग ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महामारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वसूली की अस्थिर गति चीन के निर्यात के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी।

## फोर्ब्स 2023 की सबसे अमीर भारतीयों की सूची में मुकेश अंबानी नंबर वन

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी फिर गौतम अडाणी को पछाड़कर सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। फोर्ब्स 2023 की 100 सबसे अमीर भारतीयों की सूची में पहले स्थान पर मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 92 अरब डॉलर है। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 799 अरब डॉलर है।

फोर्ब्स एशिया की जारी भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची में मुकेश अंबानी ने एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया है। उनकी नेटवर्थ 92 अरब डॉलर आंकी गई है, जो भारतीय करेंसी में 7.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। दूसरे पायदान पर गौतम अडाणी की कुल वेल्थ 799 अरब डॉलर आंकी गई है। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की फोर्ब्स एशिया 2023 सूची में मुकेश अंबानी 92 अरब डॉलर के साथ पहले पायदान पर हैं।




गौतम अडाणी 68 अरब डॉलर के साथ दूसरे, शिव नादर 29.3 अरब डॉलर के साथ तीसरे, सावित्री जिंदल 24 अरब डॉलर के साथ चौथे, राधाकिशन दमानी 23 अरब डॉलर के साथ पांचवें, साइरस पूनावाला 20.7 अरब डॉलर के साथ छठे, हिंदुजा परिवार 20 अरब डॉलर के साथ सातवें, दिलीप सांघवी 19 अरब डॉलर के साथ आठवें, कुमार बिड़ला 17.5 अरब डॉलर के साथ नौंवे और शपूर मिस्त्री एंड फैमिली 10वें स्थान पर है। फोर्ब्स एशिया 2023 की सूची में इस बार तीन नए लोगों को शामिल किया गया है। इनमें एशियन पेंट्स की दानी फैमिली 8 अरब डॉलर के साथ 22वें, लैंडमार्क ग्रुप की चेयरपर्सन रेणुका जगतियानी 4.8 अरब डॉलर के साथ 44वें और केपीआर मिल के संस्थापक और चेयरमैन गारमेंट एक्सपोर्टर केपी रामासामी 2.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 100वें स्थान पर हैं। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 799 अरब डॉलर है।

## सीबीआईसी ने कहा- गंगाजल और पूजा सामग्री जीएसटी के दायरे से बाहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने स्पष्ट किया है कि 'गंगाजल' को जीएसटी से छूट दी गई है। सीबीआईसी ने कहा कि देशभर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है। इस पूजा सामग्री को भी जीएसटी के तहत छूट दी गई है।

सीबीआईसी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि पूजा सामग्री पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई, 2017 और 3 जून, 2017 को क्रमशः 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में ही उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए जीएसटी लागू होने के बाद से ही इन सभी वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है।




इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंगाजल पर कथित तौर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने इसे लूट और पाखंड की पराकाष्ठा करार दिया था। इसके बाद सीबीआईसी की ओर से इस मसले पर स्थिति साफ की गई और बताया कि गंगाजल को जीएसटी लागू होने के बाद से ही कर के दायरे से बाहर रखा गया है।

### सहकारी संस्थाओं के लिए विश्व आर्थिक सहकारी मंच का गठन, दुनिया भर की तीन करोड़ से ज्यादा संस्थाएं जुड़ीं

**नई दिल्ली।** दुनिया भर की सहकारी संस्थाओं की आवाज को एक मंच पर लाने के लिए विश्व आर्थिक सहकारी मंच-डब्ल्यूकॉपईएफ का गठन किया गया है। इसमें पूरी दुनिया की तीन करोड़ से ज्यादा सहकारी संस्थाएं शामिल हैं। सहकारी क्षेत्र के अग्रणी लोगों की पहल पर गठित विश्व सहकारी आर्थिक मंच सहकारी संस्थाओं के एक ऐसे प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा, जो समक्ष वैश्विक स्तर पर क्षेत्र के मुद्दों को सरकार और हितधारकों के समक्ष उठाने के साथ-साथ सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाएगा। सहकारिता इस समय दुनिया के कुल कर्मचारियों में से 10 फीसदी की आय का साधन है।

इस समय दुनिया में 300 बड़ी सहकारी संस्थाएं हैं, जो कई आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं को उपलब्ध करा रही हैं।

## दुनिया की सबसे बड़ी माइक्रो चिप निर्माता कंपनी में होगी छंटनी, 1200 कर्मचारी हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** विश्व स्तर पर सबसे बड़े माइक्रोचिप निर्माताओं में से एक क्वालकॉम, अपने कर्मचारियों की संख्या को कम कर रहा है। कैलिफोर्निया के रोजगार विकास विभाग को दी गई जानकारी के अनुसार, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो स्थित कंपनी कैलिफोर्निया में लगभग 1258 नौकरियों की छंटनी करेगी। प्रभावित कर्मचारियों में सैन डिएगो और सांता क्लारा के बाहर स्थित इंजीनियरिंग, कानूनी सलाहकार और मानव संसाधन की भूमिकाओं से जुड़े लोग हैं। 13 दिसंबर के आसपास नौकरी में कटौती की जा सकती है।क्वालकॉम में छंटनी की यह खबर कंपनी द्वारा एप्पल के साथ कम से कम 2026 तक 5जी चिप उपलब्ध कराने के सौदे की घोषणा के करीब एक महीने बाद आई है। क्वालकॉम नए घोषित मेटा क्वेस्ट 3 के लिए भी चिप आपूर्ति कर रहा है।




विश्लेषकों के साथ अगस्त की कॉल में, मुख्य वित्तीय अधिकारी आकाश पालकीवाला ने चेतावनी दी थी कि कंपनी लागत में कटौती के लिए सक्रिय उपाय करेगी क्योंकि कंपनी को घटते राजस्व का सामना करना पड़ रहा है। पालकीवाला ने अगस्त में कहा था, परिचालन अनुशासन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को देखते हुए हम अतिरिक्त लागत कार्रवाई को सक्रियता से लागू करेंगे। जब तक हम बुनियादी बातों में सुधार के निरंतर संकेत नहीं देखते हैं, तब तक हमारा परिचालन ढांचा तत्काल सुधारा हुआ नहीं माना जाएगा।

# शैक्षणिक संस्थाओं में हुई मतदाता जागरुकता संबंधी वाद-विवाद प्रतियोगिता



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना विधानसभा आम चुनाव 2023 के अंतर्गत मतदान प्रतिशत ब?ाने स्वीप की गतिविधि पूरे जिले में मतदान होने तक लगातार आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वीप गतिविधियों के लिये जारी कैलेण्डर अनुसार 14 अक्टूबर को महाविद्यालय, हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी के गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब में मतदाता जागरुकता संबंधी वाद-विवाद प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इस मौके पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान आवश्यक विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किये। इसी प्रकार शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना, एकेएस यूनिवर्सिटी सतना, ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना, शासकीय महाविद्यालय नागौद, स्कॉलर्स होम कॉलेज में मतदाता जागरुकता की वाद-विवाद प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इस मौके पर नगर पंचायत कोटर में छात्र-छात्राओं की मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली गई।

# रामपुरा गांव में आईमाता भैल का भव्य बधावा

पुष्पाजंली टुडे

**पाली ।** रामपुरा गांव मै श्री आई माताजी मंदिर बडेर की प्राण प्रतिष्ठा विक्रम संवत 2066 जेठ सुदी तेरस दिनांक 05 जून 2009 को श्री आई माताजी धर्म रथ भैल और परम पूज्य दीवान साहब माधव सिंह के कर कमलों से हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई थी। यहां पर वर्तमान में कोटवाल पोकरराम देवाराम काग, जमादारी हेमाराम हकाराम आगलेचा एवं पुजारी कोलाराम सैणचा पूर्ण निष्ठा से अपनी सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। रामपुरा (खैरवा) में श्री आई माताजी मंदिर बडेर बहुत भव्य बना हुआ है पास में बने हुए मंदिर में श्री ठाकुर जी एवं महादेव जी विराजमान हैं।गांव में सीरवी समाज का दो मंजिला भवन बना हुआ है जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूसरा शानदार सीरवी समाज भवन एक बीघा में गांव के बाहर की तरफ बना हुआ है यह भवन भी दो मंजिला है जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, यहां पर आवश्यक सभी तरह के लाखों रुपए के बर्तन भी क्रय किये हुए हैं।पक्के निर्माण के साथ भट्टियों पर टीन शेड भी लगा हुआ है। सीरवी समाज रामपुरा का ट्रस्ट बना हुआ है जिसके अध्यक्ष रामलाल सैणचा, सचिव बाबूलाल सोलंकी एवं कोषाध्यक्ष गुणेशराम काग की टीम भावना से छोटी सी बस्ती में शानदार कार्य हुए हैं। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर प्राप्त बोली राशि का पूर्ण सदुपयोग किया गया है। रामपुरा से सर्वप्रथम दक्षिण भारत की राह खोजने वालों में रामलाल मोतीलाल



सैणचा गांधीधाम, स्वर्गीय रामलाल काग अहमदाबाद, पेमाराम आगलेचा एवं चुन्नीलाल आगलेचा पूना तथा डूंगाराम आगलेचा, मुम्बई मुख्य है। संगठनों के पदाधिकारी रूप में सर्वप्रथम प्रसिद्ध नाम पूरे भारतवर्ष में जिनका है वे है रामलाल सैणचा गांधीधाम। रामलाल सैणचा वर्तमान में श्री योगमाया नव दुर्गा मंदिर उज्जैन के अध्यक्ष, सीरवी समाज गांधीधाम के अध्यक्ष, सीरवी छात्रावास उदयपुर के अध्यक्ष, अपने गांव रामपुरा के अध्यक्ष, सीरवी समाज हरिद्वार के उपाध्यक्ष, मानवता ग्रुप गांधीधाम के कोषाध्यक्ष, सीरवी विकास सेवा समिति पाली के संरक्षक, सीरवी ज्ञान कोष शिक्षा सेवा संस्था बिलाड़ा के संरक्षक, सीरवी समाज सम्पूर्ण भारत डांट काम के संरक्षक, सीरवी छात्रावास पाली के संरक्षक, श्री आईजी विद्या पीठ जवाली के उपाध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे हैं, आपने मारवाड़ जंक्शन छात्रावास के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया है। आप सम्पूर्ण भारत में रामलाल गांधीधाम नमक वाले के नाम से जाने जाते हैं एवं सीरवी समाज के हर कोने में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। खरताराम आगलेचा भिवंडी मुम्बई के वर्तमान अध्यक्ष हैं। अमराराम आगलेचा घाटकोपर मुम्बई के सचिव रहे हैं। रामपुरा ग्राम विकास में सीरवी समाज रामपुरा द्वारा लगभग पांच लाख की लागत से गांव से विजय नाडी तक वृक्षारोपण करवा कर ट्री गार्ड लगवाये गये। गांव की प्रभुप्रेमी गौ शाला विजय नाडी में भी सीरवी समाज का विशेष योगदान है। सीरवी समाज बडेर कोथरुड पूना द्वारा यहां गौ शाला में छः लाख की लागत से टीन शेड निर्माण करवाया गया। इसी गौशाला में स्वर्गीय सुखी बाई लूम्बाराम काग द्वारा अवाला निर्माण करवाया गया, चुन्नीलाल चतराराम आगलेचा द्वारा विद्यालय में प्याऊ निर्माण करवाई गई तथा देवाराम सांवलराम सैणचा द्वारा विद्यालय में एक कमरा निर्माण एवं रामलाल मोतीलाल सैणचा गांधीधाम वालों द्वारा भी विद्यालय में एक कमरा निर्माण करवाया गया एवं गौशाला के मुख्य द्वार का निर्माण करवाया गया। दिनांक 10 अक्टूबर 23 को श्री आई माताजी धर्म रथ भैल का यहां पर भव्य बधावा किया गया रात में धर्म सभा का आयोजन किया गया पूर्ण मनोयोग से सभी ने श्री आई माताजी के इतिहास को सुना। दीपाराम काग गुड़िया।

# कोलारस पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही 34 किलो गांजा सहित 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** कोलारस हाइवे पर एसडीओपी विजय यादव के निर्देशन में कोलारस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा । तस्करों के पास से 34 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीबन 34 लाख रुपए है। थाना प्रभारी कोलारस जितेंद्र मावई ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हाइवे स्तीथ लाल होटल के पास दो लड़के अपने पास 4 सुटकेश बैग लिए है, जिनमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे है। मुखबिर की सूचना पर टीआइ ने टीम बनाकर कार्रवाई करने



के लिए रवाना हुए। थाना प्रभारी जीतेंद्र मावई के नेतृत्व में टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची। कोलारस थाने से उप निरीक्षक अंकित उपाध्याय प्र.आर दिलीप सिंह प्र.आर भूपेंद्र सिंह प्र.आर नरेश दुवे आर पुष्पेंद्र रावत आर सौरव पचौरी म.आर राखी जादौन में के साथ हाइवे स्तिथ लाल होटल के पास पहुंच कर मुखबिर के बताए हुलिए के संदेहियों रवि गोस्वामी पुत्र कंचन गोस्वामी उम्र (38) निवासी शारदा कालोनी टोंगरा रोड़ शिवपुरी,गोलू कुशवाहा पुत्र सूरज कुशवाहा (24) निवासी सदर के कब्जे से 4 सुटकेसो मे कुल 34 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा विधिवत जब्त किया गया जिसमे पुलिस अधिक्षक शिवपुरी द्वारा टीम में समिल्लित सदस्यों के नगद इनाम देने की बात कही गई

# शराब के लिए पैसे न देने पर लाटियो से पीट पीट कर शराबी पति ने की अपनी पत्नी की हत्या

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**कोलारस** - कोलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेराई में शुक्रवार की शाम को नशे के आदि पति ने पैसों के चक्कर में पति पत्नी में हुआ विवाद, नशे के आदि पति ने पत्नि की लाठियों से पीट-पीट कर हत्या कर दी उसके बाद परिजन महिला को लेकर पहुंचे कोलारस स्वस्थ्य केन्द्र जहां सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है महिला के शव का पीएम शनिवार की सुबह होगा।जानकारी के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम खैराई में शुक्रवार की शाम को आरोपी घन्सू उर्फ घनसुंदर धाक? जोकि नशे का आदि था जब परिजन फसल बेचकर गांव पहुंचे तो नशे के आदि घनसुंदर ने नशे के लिये पैसों की मांग की तो पत्नि ने फसल पैदा कम होने तथा अगली फसल तक घर खर्च चलाने के लिये पैसे शराव के लिये पति को देने से मना किया जिसके चलते आक्रोष में घनसुंदर ने अपनी पत्नि रूपवती पत्नी घनसुंदर धाक? उम्र 45 वर्ष पर ला?ी डंडों से हमला कर दिया महिला के सिर में गम्भीर चोट आने के बाद महिला गांव के रास्ते में प? गोवर में लेट जाने से महिला के शरीर से गोवर तक लिपट गया परिजन गम्भीर हालत में कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र शुक्रवार की शाम 07:30 बजे लेकर आये जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर कोलारस थाना प्रभारी जितेन्द्र मावई कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और परिजनों के वयान लेने के बाद आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है महिला का पीएम शनिवार की सुबह होने की जानकारी प्राप्त हुई है, आरोपी पति घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है।

# आबकारी टीम ने 11 छापामार कार्रवाइयों में जप्त की 2 लाख की शराब और लहान

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**शिवपुरी,** वर्तमान में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए शिवपुरी जिले में मदिरा दुकानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत् कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस पर आबकारी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में गत दिवस वृत्त शिवपुरी, पिछोर, कोलारस एवं करैरा क्षेत्रातर्गत वृत्त प्रभारियों द्वारा कुल 129 लीटर मदिरा एवं 1600 लीटर लहान (मौके पर नष्ट) जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 11 छापामार कार्यवाहियों में कुल 08 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रूपये है एवं जिले की 07 मदिरा दुकानों पर औचक निरीक्षण करने पर पाई गई कमियों के लिये विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर राशि रूपए 11200 जुर्माना अधिरोपित किया गया है।आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग के द्वारा मदिरा के अवैध विक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी

# आगामी चुनाव शांतिपूर्वक कराई जाने हेतु शिवपुरी पुलिस प्रशासन की अपराधियों पर कार्रवाई

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

श्री रविन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर दिनांक को जिले के निम्नलिखित 04 अपराधी को जिलाबदर एवं 02 अपराधी को थाना अटैच एवं 1 अपराधी पर ह्र्र की कार्रवाई किये जाने का आदेश पारित किया ड्ड
ओमी उर्फ ओमप्रकाश पुत्र मोजीराम



कुशवाह उम्र 47 साल निवासी ग्राम कठेंगरा थाना नरवर जिला शिवपुरी (म.प्र.)
2.रणवीर सिंह यादव पुत्र राजधर सिंह यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम बायंगा थाना बदरवास जिला शिवपुरी (म.प्र.)
3.रामपाल पुत्र कन्हैया कंजर उम्र 40 साल निवासी सिद्धपुरा लुकवासा थाना कोलारस जिला शिवपुरी (म.प्र.)
4.छोटा पुत्र गौरी शंकर शिवहरे उम्र 36 साल निवासी देहरदा गणेश थाना कोलारस जिला शिवपुरी (म.प्र.)
5.सोनू पुत्र हुकुम सिंह पटेल (कुर्मी) उम्र 28 साल निवासी बाचरोन चौराहा थाना पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.)
6.नरेन्द्र पिता लक्ष्मीथनारायण राठौर उम्र 32 साल निवासी कमलागज घोसीपुरा थाना फिजीकल जिला शिवपुरी (म.प्र.)
7. आरोपी नरेश उर्फ टोटा पिता हरीशंकर परिहार, उम्र 45 साल, निवासी शंकरपुरा झींगुरा थाना फिजीकल, जिला शिवपुरी को राष्ट्री य सुरक्षा अधिनियम 1980 अंतर्गत? निरोध किये जाने का आदेश पारित किया गया।

# मतदान दलों के अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 16 एवं 17 अक्टूबर को

## दो पालियों में दिया जायेगा प्रशिक्षण

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले चयनित मतदान दलों के अधिकारियों का प्रशिक्षण 16 और 17 अक्टूबर को दो पालियों में आयोजित किया जायेगा। विधानसभा निर्वाचन के संबंध में प्रशिक्षण देने के लिये नियुक्त मास्टर ट्रेनर एवं अधिकारीगण 16 एवं 17 अक्टूबर को प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगवां, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 रैगांव के दल का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 सतना का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 नागौद का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 मैहर का प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैहर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 अमरपाटन का प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 रामपुर बघेलान के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बघेलान में आयोजित होगा। आदेश में बताया गया है कि विधानसभा चित्रकूट, रैगांव एवं मैहर का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर को तथा विधानसभा सतना, नागौद, अमरपाटन एवं रामपुर बघेलान का प्रशिक्षण 16 और 17 अक्टूबर को आयोजित होगा।

# उज्जैन दुष्कर्म पीड़िता ने बयां किया दर्द, घटना के समय लगा रही थी पापा-पापा की पुकार

दरिंदगी के बाद अपराधी से इस कदर नफरत करती है कि वह उसे पत्थरों से मारने की बात कह रही है। पीड़िता ने बताया कि अनजान रास्ते पर भटक रही थी। आसपास से गुजरने वाले कई वाहन रुके और निकल गए। तभी एक आटो आया, उसके ड्राइवर ने बैठा लिया। दुष्कर्म के बाद आरोपित खेत पर छोड़कर चला गया। जितनी पीड़ा उसे घटना के दौरान हुई, उतनी ही आठ किमी पैदल चलने पर भी हुई। पीड़िता ठीक से बोल भी नहीं पा रही थी। ऐसे में लोग उसकी बातों को समझ भी नहीं पा रहे थे।तीन दिनों तक चली काउंसलिंग के दौरान पीड़िता के संकेत, बोलने, हाव-भाव के माध्यम से बयान को दर्ज किया गया। वह वाक्य एक साथ नहीं बोल पाती है। एक शब्द ही कह पाती है। गुस्सा झलक रहा था पीड़िता ने आरोपित की पहचान उसके फोटो के माध्यम से की। उसे अभी तक ठीक से हिंदी भी पढ़ना नहीं आती है। वह अपना नाम भी नहीं लिख सकती है। उसने विशेषज्ञों को जो भी बताया कि हर एक शब्द में गुस्सा झलक रहा था।संवर्धित और वैकल्पिक संचार विधि में बोली जाने वाली या लिखित भाषा के उत्पादन या समझ में कमी वाले लोगों के लिए बोलचाल को प्रतिस्थापित करने के लिए उपयोग की जाने वाली संचार विधियां शामिल हैं। इसका उपयोग उन लोगों द्वारा किया जाता है, जिनके पास बोलने और भाषा संबंधी कई प्रकार की अक्षमताएं हैं।सतना निवासी दुष्कर्म पीड़िता किशोरी को बुधवार को कोर्ट लाया गया था। यहां उसके बयान दर्ज किए गए। उसके साथ सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ भी मौजूद थे। इसके बाद उसे बालिका गृह ले जाया गया था। जहां किशोरी को उसके दादा को सौंप दिया गया। सतना पुलिस दादा व किशोरी को अपने साथ ले गई। घटना के बाद से ही किशोरी का इंदौर के एमटीएच अस्पताल में उपचार चल रहा था। मंगलवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।बता दें कि मानसिक रूप से कमजोर किशोरी 25 सितंबर को तड़के करीब तीन बजे उज्जैन रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भटक रही थी। उस दौरान आरोपित आटो चालक भरत सोनी उसे आटो में बैठाकर ले गया और जीवनखेड़ी क्षेत्र में ले जाकर दरिंदगी की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।



# चेतना मंच दशहरा समारोह का भूमि पूजन रविवार को

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** ÷चेतना मंच÷ ग्वालियर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले विशाल ÷दशहरा समारोह÷ का भूमि पूजन रविवार, अपराह्न 3ः00 बजे श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज का ददरौआ सरकार के द्वारा नवीन दशहरा मैदान शताब्दी पुरम में संपन्न होगा। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य निवासी गण शामिल होंगे। चेतना मंच के अध्यक्ष दीपक तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दशहरा समारोह का यह 19वां वर्ष है। विगत 18 वर्षों में यह समारोह नगर के सर्वश्रेष्ठ दशहरा समारोह के रूप में स्थापित हुआ है। समारोह में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रामायण पर आधारित नृत्य लीला आकर्षण का मुख्य केंद्र होती है। चेतना मंच के संरक्षक डॉक्टर हरिमोहन पुरोहित, बृजेश यादव, अरविंद मित्तल,ब्रजकिशोर दीक्षित राम प्रकाश परमार, मूलचंद रसैनिया, सुरेश वर्मा, अशोक मिश्रा, सागर नाती, ए के द्विवेदी ,उपकार गुप्ता,के.सी.शर्मा आदि ने सभी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# बनहेरी गांव में घरों में लूटपाट और आगजनी करने वालों पर चार और एफआईआर दर्ज

**ग्वालियर,** । ग्वालियर के बनहेरी सरपंच विक्रम रावत की गोलियों से भूलकर हत्या करने के मामले के बाद गुस्सा आए लोगों ने गाँव में लोगों के घर उजा? दिए थे। लोगों के घर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर घरों को रौद दिया। फिर घरों में घुसकर लूटपाट की, लोगों को पीटा। फिर डीजल डालकर आग लगा दी। इस घटना के बाद लोग घर छो?कर भाग गए। अब इस मामले में आरोन थाना पुलिस ने एफ आई आर दर्ज की है। इस मामले में बीती रात चार एफ आई आर दर्ज की गई। पुलिस ने लूट डकैती बलवा मारपीट आवेदन सहित अन्य धाराओं में एफ आई आर दर्ज की है।ग्वालियर के बनहेरी गाँव में रहने वाले सरपंच विक्रम रावत की सोमवार को गांधीनगर इलाके में रहने वाले वकील प्रशांत शर्मा के घर के नीचे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पांच लोगों ने 11 गोलियां मारी थी। इसमें मौके पर ही विक्रम की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को नियंत्रित किया था और एक अज्ञात था। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें बंटी रावत, अतेंद्र रावत, धर्मवीर रावत, सुखवेन्द्र रावत का नाम शामिल है। इन आरोपितों के पक? जाने के बाद गाँव के वह लोग बीती रात आरोन थाने पहुंच गए, जिनके घरों को निशाना बनाया गया। इनके घरों पर ट्रेक्टर चलाये गए। फिर घरों के अंदर लूटपाट की गई और आगजनी की गई। इसमें सिर्फ चार घर आरोपितों के थे, जबकि अन्य घर दूसरों के थे। इन लोगों का इस घटना से कोई संबंध नहीं था

# सिपाही से शराब माफिया बना 10 हजार का इनामी भूपेंद्र राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार



भोपाल । अयोध्या नगर इलाके में 22 अगस्त की रात करीब 12ः30 बजे शराब दुकान खुली मिलने पर डायल-100 के सिपाही कमल ने ऐतराज जताया था। तब दुकान के कर्मचारी अजीत दुबे, सचिन शांडिल्य और अमित पांडेय ने कमल पर डंडे से जानलेवा हमला करते हुए पुलिस वैन में भी तोड़फोड़ कर दी थी। इस मामले में सचिन और अजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उनसे पूछताछ में पता चला था कि पुलिस पर हमला शराब दुकान में भागीदार भूपेंद्र सिंह सेंगर के इशारे पर किया गया था।

# मांढरे की माता सिंधिया राजवंश की कुलदेवी हैं, महल से दूरबीन के माध्यम से दर्शन करता है राजपरिवार

**ग्वालियर.** । आदिशाक्ति की आराधना का पर्व शरदीय नवरात्र रविवार से शुरु हो रहा है। देवी मां से मनवांछित फल प्राप्त करने के लिये साधक नौ दिन तक नियम तप व देवी का जप करते हैं। नगर में सातऊ की शीतला, नहरवाली माता, वैष्णो देवी, पहाड्या वाली माता सहित कई प्रमुख मंदिर है। इनकी अपनी अलग-अलग मान्यता है। इनके अलावा मांढरे की पहाड़ी पर महिषासुर मार्दिनी महाकाली देवी विराजित हैं। यह सिंधिय राजवंश की कुलदेवी भी है। कोई भी शुभ कार्य करने से पहले सिंधिया परिवार मंदिर में पूजा-अर्चना कर इजाजत लेने के लिये अवश्य आता है। इस मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर जयविलास पैलेस है। राजपरिवार के सदस्य प्रतिदिन महल से दूरबीन के माध्यम से अपनी कुलदेवी के दर्शन करते हैं। महल लोगों को दीवाना बना रहा आगरा के शाही पनीर चीला का स्लोगों को दीवाना बना रहा आगरा के शाही पनीर चीला का स्वाद 142 वर्ष पूर्ण विराजित हुई थीं देवीग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक जयाजीराव सिंधिया द्वारा 145 वर्ष पहले इस मंदिर का निर्माण कराया गया। श्री महाकाली देवी की अष्टभुजा महिषासुर मर्दिनी रूपी माता का मंदिर, जिसे वर्तमान




में मांढरेवाली माता के नाम से जाना जाता है। चैत्र व क्वार के नवरात्रि महोत्सव में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस मंदिर में विराजमान अष्टभुजा वाली महिषासुर मर्दिनी मां महाकाली की प्रतिमा अद्भुत और दिव्य है।

कर्नल आनंदराव मांढरे के कहने पर राजपरिवार देवी का मंदिर निर्माण करायामांढरे की माता सिंधिया राजवंश की कुलदेवी हैं, महल से दूरबीन के माध्यम से दर्शन करता है र मांढरे की माता सिंधिया राजवंश की कुलदेवी हैं, महल से दूरबीन के माध्यम से दर्शन करता है राजपरिवार ग्वालियर रियासत में आनंदराव मांढरे कर्नल के पद पर कार्य करते थे। ऐसा माना जाता है कि उनकी देवी में अगाध श्रद्धा और अटूट विश्वास था और वे महाराष्ट्र के सतारा के वायपासरोड पर स्थित महिषासुर मार्दिनी के अनन्य भक्त थे। इस मंदिर से सिंधिया राजपरिवार की आस्था भी जुड़ी हुई थी। क्योंकि राजपरिवार कुल देवी के रूप में इनका उपासक आज भी है। आनंद राव मांढरे में सिंधिया की फौज में भर्ती हुये और उन्होंने कर्नल का दायित्व संभाला। वे अपने साथ देवी को लेकर आये। ऐसी मान्यता है कि देवी ने अपने भक्त को सपना देकर किसी स्थान पर विराजित करने के लिये कहा। कर्नल ने देवी के सपने की जानकारी महाराज को दी। महाराज ने अविलंब महल के ठीक सामने मंदिर का निर्माण कराकर कुलदेवी की प्राण प्रतिष्ठा की और आनंद राव मांढरे को सेना से कार्यमुक्त कर कुलदेवी की सेवा करने का दायित्व सौंपा। आज भी उनके कुल के लोग ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं और तभी से इनका नाम भी मांढरे की माता पड़ गया।

**दशहरा पर राजपरिवार का मुखिया शमी पूजन के लिए आता है**-मांढरे की माता के मंदिर से सिंधिया राजपरिवार की एक और परंपरा जुड़ी हुई है। इस मंदिर के प्रांगढ़ में एक शमी का वृक्ष है। सिंधिया राजपरिवार का मुखिया विजय दशमी पर राजसी पोशाक में शमी के पूजन के लिये आता है। इस शमी पूजन के कार्यक्रम में सभी सरदार मौजूद रहते हैं। वर्तमान में इस पूजन का दायित्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने पुत्र महान आर्यमन के साथ आकर निभाते हैं। पूजन के बाद सिंधिया शमी के वृक्ष से तलवार छुलाते हैं और सभी लोग शमी के पत्ते को लूटते हैं।

# टिकट मिलने के बाद से विधानसभा क्षेत्र में नहीं गए हैं तोमर, क्या श्राद्ध पक्ष ने रोका?



मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने अब तक 136 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों को भी उम्मीदवार बनाया है। इन्हें मिलाकर सात सांसद चुनाव लड़ रहे हैं। 25 सितंबर को टिकट घोषित होने के बाद सभी उम्मीदवारों ने अपना प्रचार शुरू कर दिया है। सिर्फ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ही दिमनी विधानसभा क्षेत्र में नहीं पहुंचे हैं, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी दूसरी सूची में था। उन्होंने इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से प्रचार शुरू करते समय कहा था कि मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। पार्टी ने आदेश दिया है तो लड़ना होगा। इसे उनकी नाराजगी से जोड़ा गया। हालांकि, वे प्रचार करते रहे। फिर उन्होंने उज्जैन के पास नागदा में कहा कि मैं विधानसभा क्षेत्र में नहीं जाऊंगा तो भी 50 हजार से अधिक मतों से जीत जाऊंगा। हालांकि, अब तक तोमर के दिमनी नहीं जाने को लेकर अटकलों का बाजार गरमाया हुआ है। तोमर ने भी अब तक दिमनी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। पार्टी का आदेश बताकर स्वीकार जरूर किया था, लेकिन उनके क्षेत्र में नहीं जाने से कई सवाल उठ रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि वे नाराज चल रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि श्राद्ध पक्ष की वजह से ही तोमर ने प्रचार शुरू करने से परहेज बरता है। इसके अलावा भोपाल, दिल्ली समेत अन्य स्थानों पर बैठकों में भी शामिल रहे हैं। उनके बेटे ने दिमनी में मोर्चा संभाल रखा है। श्राद्ध पक्ष खत्म होने के बाद वे भी दिमनी में सक्रियता दिखाएंगे। दिमनी विधानसभा क्षेत्र को क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। तोमर पहली बार दिमनी से चुनाव लड़ रहे हैं। टिकट घोषित होने के बाद मुरैना में उन्होंने आचार संहिता से पहले लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों में शिरकत की। इसके बाद भी दिमनी नहीं गए। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**क्षत्रिय मतदाता है निर्णायक**-दिमनी विधानसभा में 2.25 लाख मतदाता है। इनमें क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या 65 हजार से अधिक है। अनुसूचित जाति से करीब 48 हजार मतदाता हैं। भाजपा के गिर्राज सिंह दंडोतिया 2020 के उपचुनाव में कांग्रेस के रवींद्र भिड़ोसा से हारे थे। बसपा के राजेंद्र सिंह कंसाना ने भी खूब टिकट काटे थे। तब क्षत्रिय और ब्राह्मण वोट निर्णायक रहे थे। एससी वोट भी महत्वपूर्ण है, जिससे यहां त्रिकोणीय मुकाबले होते रहे हैं।

# रविवार को आएगी कांग्रेस की पहली लिस्ट, मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी ने दिया इस्तीफा

मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी दिया त्याग पत्र दिया है। नारायण त्रिपाठी ने कहा अभी पार्टी का सम्मान करते हुए इस्तीफा दिया है। आगे की रणनीति जल्द बनेगी। उनके इस्तीफा देते ही अब उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें शुरू हो गई हैं। बीते कई दिनों से कांग्रेस शीर्ष नेताओं से नजदीकियां बढ़ी है। बताया जा रहा है कि 16 अक्तूबर को फाइनज निर्णय होगा। बता दें कि बीजेपी ने मैहर विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक नारायण त्रिपाठी का टिकट काट दिया है। यहां के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक नेता श्रीकांत चतुर्वेदी को उम्मीदवार घोषित किया गया है। तभी से उनके पार्टी छोड़ने की अटकलें लग रही थीं।नारायण त्रिपाठी लंबे समय से



बीजेपी से नाराज चल रहे हैं। करीब दो सालों से वो अपनी ही पार्टी और सरकार के खिलाफ हमलावर हैं। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कांग्रेस और दिग्विजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमास और पीएफआई तो बहाना है कांग्रेस को आतंकियों को बचाना है। हमास ने जब इस्राइल पर आक्रमण किया तब इनमें से किसी का एक शब्द नहीं निकला। जो मामला अदालत में हो उसे दिग्विजय सिंह कैसे क्लीन चिट दे सकते हैं। खरगे जी, राहुल जी और प्रियंका जी को ये स्पष्ट करना चाहिए की क्या वो दिग्विजय सिंह के बयान से संतुष्ट हैं। कमलनाथ जी अभी तक क्यों शांत हैं समझ नहीं आता, उन्हें साफ करना चाहिए कि क्या वो दिग्विजय के बयान से ताल्लुक रखते हैं। दिग्विजय सिंह कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे। मिश्रा ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है जब भी ऐसे विषय आते हैं, दिग्विजय सिंह हमेशा फ्रंटलाइन में खड़े दिखते हैं। ये गाय पर सवाल उठा देते हैं, पर क्या कभी बकरी पर सवाल उठाते हैं क्या। ये केवल तुष्टीकरण करते हैं जाकिर नाइक को शांतिदूत और ओसामा जी कहते हैं। आतंकियों की मौत पर आंसू बहाते हैं। मुस्लिमों को डर दिखाकर इकट्ठा करो और हिंदू को जातियों में बांटो की दोमुंही राजनीति करते हैं। कांग्रेस का यही फसाना है आग भी लगाना है और आंसू भी बहाना है। ये वही दिग्विजय सिंह हैं जो कहते हैं कि केंद्र में सरकार बनने पर 370 फिर से लगाएंगे। ये किस आधार पर कहते हैं कि पीएफआई के 97 फीसदी लोग निर्दोष हैं जबकि पीएफआई घोषित आतंकी संगठन है।

# हत्या के चार इनामी आरोपी गिरफ्तार; देशी तमंचे और जिंदा राउंड भी बरामद

**ग्वालियर** में सरपंच की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई हत्या मामले में ग्वालियर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 315 बोर के देशी की तमंचे और जिंदा राउंड भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच का इनाम घोषित किया गया था।बता दें कि ग्वालियर के पड़ाव थाना क्षेत्र के गांधीनगर इलाके में 9 अक्टूबर की सुबह वकील से मिलने आए बनहेरी सरपंच विक्रम रावत की गोली मारकर हत्या की थी। हत्याकांड के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे, जिसमें पांच आरोपी यह हत्याकांड को अंजाम देते नजर आए थे इसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए पांच



नामज़द और अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था, जिसमें इंदौर पीएफ कमिश्नर मुकेश रावत का नाम मुख्य रूप से सामने आया था और आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच और पड़ाव थाना पुलिस की लगभग आधा दर्जन टीम में लगा दी गई थी।पुलिस टीमों को इनपुट मिले थे कि आरोपी सबलगढ़ विजयपुर करौली होते हुए जयपुर की ओर गए हैं और जब टीम जयपुर पहुंची तो आरोपी जयपुर से भी निकल चुके थे और उनके ग्वालियर के तेघरा थाना क्षेत्र के जंगल में छिपे होने की सूचना क्राइम ब्रांच को लड्डुगी थी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कुलेथ चौराहा के पास चार आरोपियों को दबोच लिया पूछताछ करने पर चारों आरोपियों द्वारा सरपंच विक्रम रावत की हत्या करना स्वीकार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर के तीन अवैध कट्टे और 20 जिंदा राउंड भी बरामद किए आरोपियों से फिलहाल पुलिस हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण हिरासत में, जेल भरो आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे ग्वालियर



**ग्वालियर** में गुर्जर ओबीसी और अन्य समुदाय द्वारा कथित रूप से किए जा रहे जेल भरो आंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण को उनके अन्य साथियों के साथ मुरैना में ही हिरासत में ले लिया गया है। वह ग्वालियर में आंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे थे। चंद्रशेखर रावण को मध्यप्रदेश-राजस्थान की बॉर्डर यानी चंबल की राजघाट पर हिरासत में ले लिया है। अभी मुरैना और ग्वालियर पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर वार्तालाप किए।बता दें कि इस आंदोलन के विरोध में पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार सुबह से ही कड़ी मुस्तादी की जा रही थी। ग्वालियर की सीमाओं से लगे हुए अन्य जिलों से भी संपर्क साधा जा रहा था। तभी पुलिस को भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण के मुरैना की तरफ से आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मुरैना पुलिस से सूचना का आदान-प्रदान करते हुए चंद्रशेखर रावण, रवींद्र भाटी, अतुल प्रधान को चंबल नदी के पास से ही हिरासत में ले लिया है। मुरैना पुलिस ने इन्हें सराय छोला थाना क्षेत्र के अल्लाबेली चौकी पर बने चेकिंग पॉइंट पर ही हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही है।चंबल के राजघाट पर ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल और ग्वालियर कलेक्टर अक्षय कुमार भी मौके पर पहुंच गए हैं। इसके बाद चंद्रशेखर रावण से मुरैना और ग्वालियर का पुलिस प्रशासन बातचीत कर रहा है। लेकिन बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर रावण ग्वालियर में आने के लिए अड़े हुए हैं। मौके पर 1000 की संख्या में पुलिस बल मौजूद है। अगर चंद्रशेखर रावण ग्वालियर में आने की जिद करते हैं तो प्रशासन उनकी गिरफ्तारी कर सकता है।

# तोमर से ज्यादा सिंधिया समर्थकों को टिकट

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सबसे अहम माना जा रहा है। संगठन के सामने सबसे बड़ी चुनौती केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच सामंजस्य बैठाकर यहां की सीटों पर उम्मीदवार घोषित कराने की है। भाजपा प्रदेश में 60 प्रतिशत से ज्यादा टिकट घोषित कर चुकी है, अंचल में समर्थकों को टिकट दिलाने के मामले में सिंधिया नरेंद्र सिंह तोमर से बढ़त बनाए हुए हैं।

**सवाल था कि सिंधिया समर्थकों को टिकट मिलेंगे या नहीं**-केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायकों को लेकर ग्वालियर-चंबल अंचल की राजनीति में बड़ा सवाल यही था कि क्या सिंधिया कांग्रेस के तरह भाजपा में भी अपने समर्थकों को आश्रय दिला पाएंगे। उपचुनाव में तो सिंधिया समर्थक सभी विधायकों को भाजपा ने टिकट



दिया था, लेकिन असमंजस 2023 के विधानसभा चुनाव में है। हालांकि अभी तक सिंधिया समर्थक विधायक अभी तक अंचल में टिकट पाने में कामयाब रहे हैं। सिंधिया और तोमर दोनों के ही गढ़ ग्वालियर जिले की छह विधानसभा सीटों में से तीन पर सिंधिया के नजदीकी लोगों के टिकट मिला है। जबकि नरेंद्र सिंह के खाते में एक टिकट प्रदेश सरकार में मंत्री भारत सिंह कुशवाह के खाते में आया है।ग्वालियर विधानसभा सीट से सिंधिया समर्थक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह, डबरा से इमरती देवी, भितरवार से मोहन सिंह राठौर को टिकट मिला है। केंद्रीय मंत्री तोमर के संसदीय क्षेत्र मुरैना-श्योपुर की बात करें तो मुरैना में भी भाजपा अब तक छह में से चार टिकट घोषित कर चुकी है, जिसमें सिंधिया के साथ भाजपा में आए रघुराज सिहं कंसाना, ऐंदल सिंह कंसाना को टिकट दिया गया है।

# अब मेडिकल कालेज की लैब संभालेगी निजी कंपनी

ग्वालियर। प्रदेश के 13 मेडिकल कालेज में संचालित होने वाली लैब को जल्द ही निजी हाथों में सौंप दिया जाएगा, क्योंकि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा लगाई रोक को हटा दिया गया है। दो दिन पहले ही चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा आदेश जारी करते हुए पूर्व में लगाई की रोक वाले आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके बाद निजी कंपनी की राह में आने वाली सभी अड़चनें समाप्त हो चुकी है। चुनाव के बाद यह कंपनी ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, रीवा, सागर, खंडवा, छिंदवाड़ा सहित विदिशा मेडिकल कालेज में चलने वाली पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी लैब का संचालन अपने हाथ में ले लेगी। कालेज व कंपनी के बीच हो चुका अनुबंध- प्रदेश के मेडिकल कालेज और निजी कंपनी हिंदुस्तान अरनील क्लिनिकल लैब्स के बीच पहले ही अनुबंध हो चुका था, लेकिन 10 जुलाई को इस चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने इस पर रोक लगाते हुए गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की थी। असल में निजी कंपनी से हुए अनुबंध के अनुसार सरकारी कालेज की लैब में रेजेंट की उपलब्धता, मशीन और उनके संधारण का काम देखेगी, जबकि स्टाफ मेडिकल कालेज का ही काम करेगा।मध्यप्रदेश सरकार का दावा था कि, इस नई व्यवस्था से मरीजों को सहूलियत मिलेगी। सरकारी अस्पतालों में पैथोलाजी लैब की जांच में बार-बार केमिकल नहीं होने, मशीन खराब होने के कारण समय पर जांच नहीं हो पाती थी, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। अब जो नई व्यवस्था शुरू होगी, उसमें निजी क्लीनिक जांच करेंगे। तुरंत आन लाइन रिपोर्ट देंगे। जांच की हार्ड कापी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। महंगी और जटिल जांचआयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने 11 अक्टूबर को आदेश जारी करते हुए प्रदेश के सभी 13 मेडिकल कालेज के डीन को निर्देश दिया है। इस निर्देश में रेंटल रिएजेंट आधार पर लैब संचालन की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। उल्लेखनीय है, सभी 13 मेडिकल कालेजों की पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी लैब के उपकरण व हर कालेज का 5 से 6000 वर्ग फीट का इंफ्रास्ट्रक्चर लैब संचालन के लिए दिया गया था। कालेज और कंपनी के बीच जो अनुबंध हुआ उसमें गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी कि कंपनी ने कहीं पर खुद से अनुबंध किया और कुछ जगहों पर व्यक्तिगत अनुबंध किए गए थे, जिसको लेकर रोक लगाई गई थी। इसको लेकर जांच हुई फिर मामले न्यायालय में पहुंचा, जिसके बाद मामला साफ हो गया कि अनुबंध के दौरान कोई अनियमितता नहीं हुई है, इसलिए रोक को हटाया जाए।मेडिकल कालेज में फिलहाल लैब में आए दिन मशीनें खराब होने, रीएजेंट खत्म होने, उपकरण बिग?ने, छोटी-छोटी सामग्री यहां तक की डिस्टिल वाटर तक समाप्त होने जैसी समस्याओं से दो-चार होना प?ता है।

# 139 की जांच में 42 संक्रमित आंकड़ा पहुंचा 800 पार

**ग्वालियर** (नप्र)। डेंगू के डंक की चपेट में लोग तेजी से आ रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक भारी संख्या में लोग इस बीमारी की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंकड़ों को छिपाने के लिए उनमें हेराफेरी कर कम बता रहा है। असल में मच्छर जनित बीमारी घर-घर पहुंच चुकी है। शायद ही कोई घर बाकी होगा, जिसमें एक न एक मरीज न लेटा हो। स्वास्थ्य विभाग सर्वे के नाम पर फोटो सेशन कर रहे हैं। हालात यह हैं कि अबतक की जांच में 800 से अधिक मरीज मिल चुके हैं, लेकिन मलेरिया सलाहकार का कहना है कि उनके पास पूरा डेटा ही उपलब्ध नहीं है। जो मरीज जिले के रहने वाले हैं केवल उनकी ही जानकारी है। इसके अलावा शहर की निजी व सरकारी लैब में कुल कितने मरीज अब तक संक्रमित मिल चुके हैं, इसकी जानकारी नहीं है। इससे साफ है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण डेंगू का प्रसार हो रहा है। शुक्रवार को 139 लोगों की जांच में 42 संक्रमित मिले हैं, जिसमें स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि 20 मरीज जिले के रहने वाले हैं बाकी दीगर जिले के हैं और अबतक डेंगू के महज 427 मरीज ही मिले हैं।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478